# आंगनबाड़ी में अंडों की गुणवत्ता पर सवाल

## शिकायत में लगाए गए आरोपों की डीपीओ के निरीक्षण में नहीं हुई पुष्टि



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** आंगनवाड़ी केंद्र मटेला में बच्चों को वितरित किए जा रहे अंडों की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों पर डीपीओ ने मौके पर पहुंचकर जांच की। निरीक्षण में अंडे पूरी तरह सही और उपयोग योग्य पाए गए। जिलाधिकारी अंशुल सिंह के निर्देश पर डीपीओ पीताम्बर प्रसाद ने केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्र में उपलब्ध पोषाहार की गहन जांच की और लाभार्थियों से भी जानकारी ली। जांच में सामने आया कि अंडों की गुणवत्ता को लेकर की गई शिकायत सही नहीं है। लाभार्थियों और अभिभावकों ने भी अंडों को सुरक्षित और उपयुक्त बताया तथा किसी तरह की अनियमितता से इनकार किया। डीपीओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रकाशित समाचार में लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि विभाग पोषाहार की गुणवत्ता पर नियमित निगरानी रखता है और शिकायत मिलने पर तुरंत जांच की जाती है। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि तथ्यात्मक जानकारी के आधार पर ही शिकायत दर्ज कराएं।

### अल्मोड़ा के विकास मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

**अल्मोड़ा।** जनपद भ्रमण पर पहुंचे नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के बेरी से जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने शिष्टाचार भेंट कर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कसार देवी स्थित एक होटल में हुई बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, स्वच्छता, ग्राम्य विकास, रोजगार और तकनीकी क्षेत्र के मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। दोपहर करीब दो बजे डीएम ने जिले की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति के साथ विकास योजनाओं, उपलब्धियों और चुनौतियों की जानकारी दी। इस दौरान स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के तहत हिमाद्रि हैंडलूम की शॉल भेंट की गई। उपाध्यक्ष ने अल्मोड़ा के प्राकृतिक सौंदर्य और स्वच्छ वातावरण की सराहना की।



# प्रदेश में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं: राधा बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच महिला कांग्रेस ने सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं।



जिला पार्टी कार्यालय में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती आपराधिक घटनाओं को गंभीर बताते हुए सरकार की कार्यप्रणाली की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तराई से लेकर पहाड़ी क्षेत्रों तक महिलाएं स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आए दिन दुष्कर्म, हत्या, छेड़छाड़ और लूट जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे समाज में भय का माहौल बना हुआ है। घरेलू और कामकाजी दोनों ही वर्ग की महिलाएं असुरक्षा की भावना से गुजर रही हैं, जिससे उनके परिजनों की चिंता भी बढ़ रही है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं और कई मामलों में कार्रवाई संतोषजनक नहीं होती। उन्होंने महंगाई और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर भी सरकार को घेरते हुए इसे आम जनता, खासकर महिलाओं के लिए परेशानी का कारण बताया।

## एक नजर

### मेडिकल कॉलेज में कैथ लैब शुरू करने की मांग

**अल्मोड़ा।** मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और लंबित कैथ लैब के शीघ्र संचालन को लेकर मंगलवार को भाजपा नेताओं का शिष्टमंडल प्राचार्य से मिला। इस दौरान नेताओं ने कैथ लैब में हो रही देरी पर चिंता जताते हुए कहा कि हृदय रोगियों को उपचार के लिए बाहर जाना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक व मानसिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने डाक्टरों की कमी, आधुनिक उपकरणों और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की भी मांग उठाई। प्राचार्य ने भरोसा दिलाया कि कैथ लैब जल्द शुरू करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। शिष्टमंडल ने उम्मीद जताई कि शीघ्र ठोस कदम उठाकर मेडिकल कॉलेज को आधुनिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा।

### शराब की अवैध तस्करी में एक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** लमगड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान डिग्री कालेज तिराहे से करीब 20 मीटर आगे भनोली मोटर मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 24 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान खीम सिंह निवासी बालीखेत बसोली दन्या के रूप में हुई।

### सड़कों के लिए विधायक ने शुरू की पहल

**बागेश्वर।** विधायक बागेश्वर पार्वती दास ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर में सड़क विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। राज्य योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष विकास खंड गरुड़ के अंतर्गत सीमा-लदौलिया मोटर मार्ग के किमी एक से तीन तक सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य के लिए धनराशि की विधिवत स्वीकृति प्रदान की गई है। मोटर मार्ग पर 141.17 लाख रुपये की लागत से डामरीकरण का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के लोगों को सुगम तथा सुलभ यातायात सुविधा प्राप्त होगी, जिससे दैनिक आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। विधायक दास ने कहा कि डामरीकरण की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

### गैस सिलेंडर के लिए घंटों का इंतज़ार

**बागेश्वर।** जिले में गेस सिलेंडर रिफिल करने के लिए घंटों का इंतजार करना पड़ रहा है। जबकि प्रशासन और पूर्ति विभाग जिले में पर्याप्त रसोई गैस होने की बात कर रहा है। गांव सिलेंडर वितरण को लेकर अब लोगों में भी काफी आक्रोश दिखाई देने लगा है। बता दें कि पिछले एक पखवाड़े से जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडर रिफिल नहीं हो पा रहे है। जिले के कई रेस्टोरेंट व्यापारियों ने प्राचीन पद्धति लकड़ी में खाना बनाने वाली प्रणाली अपना ली है। उसके बावजूद घरेलू गैस के लिए लोगों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। मंगलवार को इंडियन गैस बागेश्वर एजेंसी द्वारा चौरासी विकास भवन मार्ग में गैस वितरित की गई। लोग सुबह से 7 बजे से लाइन में खड़े हुए। लेकिन गैस की गाड़ी 11 बजे आपने प्वाइंट पर पहुंची। जहां लोगों ने अफरा तफरी मच है। कुछ ही आय में भरे सिलेंडर खत्म हो गए। जबकि गाड़ी को नुमाइश खेत तक गैस वितरित करनी थी। जहां महिलाएं सुबह से दोपहर तक तपती धूप में खड़ी रही। कई बिना गैस भरे ही बेरंग घर को लौटे।

### प्राध्यापक के साथ अभद्रता पर आक्रोश

**बागेश्वर।** बीडी पांडेय कैंपस में एक प्राध्यापक के साथ अभद्रता करने पर अभाविप ने कड़ी आपत्ति जताई है। कैंपस निदेशक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को छात्र संगठन निदेशक से मिला। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कुछ छात्रों द्वारा राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक के साथ इरादतन अभद्रता की। ऐसे छात्र कैंपस का माहौल खराब करने का काम कर रहे हैं। ऐसे छात्रों के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की मांग की। प्राचार्य को सुरक्षा मुहैया कराई जाए। इस मौके पर उमेश शाही, मेघा भाकुनी, अंकित, ईशा तिवारी आदि मौजूद रहे।

### उत्तर पुस्तिकाओं में गड़बड़ी पर फूंका पुतला

**बागेश्वर।** बीडी पांडे कैंपस में एनएसयूआई छात्र संगठन ने एक बार फिर उत्तर पुस्तिकाओं में हो रही गड़बड़ी को लेकर के कैंपस प्रशासन का पुतला दहन किया। उन्होंने कहा कि वे पूर्व में उत्तर पुस्तिकाओं में हो रही गड़बड़ी को ठीक करने के संबंध में ज्ञापन दे चुके थे। लेकिन उसके बाद भी प्रशासन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। छात्रों ने परीक्षफल में विसंगतियों को लेकर निदेशक का पुतला दहन किया। कहा कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परीक्षाफल की पुन: जांच की जाए, तकनीकी त्रुटियों का डाटा फीडिंग में हुई गड़बड़ी में अविलंब सुधार किया जाए। इस मौके पर छात्र संघ अध्यक्ष सागर जोशी, विशाल, मनीष सहित अन्य छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### अपूर्वा बिष्ट आईटी सह संयोजक नियुक्त



**कालाढूंगी।** कोटाबाग ब्लॉक की कनिष्ठ प्रमुख अपूर्वा बिष्ट को महिला मोर्चे की उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष श्रचि भट्ट और जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की सहमति से नैनीताल जिले की जिला अध्यक्ष कंचन उप्रेती द्वारा महिला मोर्चे की आईटी सह संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडे, विक्रम जंतवाल, ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गंगा सामंत, दीपा ढोढियाल सहित क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विदेश में रोजगार के लिए प्रशिक्षण का मौका

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जनपद के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से सेवायोजन विभाग द्वारा विशेष पहल की जा रही है। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग, उत्तराखंड के विदेश रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के अंतर्गत योग्य युवाओं को विदेशी रोजगार से जोड़ने के लिए विदेशी भाषा प्रशिक्षण हेतु मोबाइलाइजेशन की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। वर्तमान में नए प्रशिक्षण बैच प्रारंभ किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षण बैचों के अंतर्गत जर्मनी में रजिस्टर्ड नर्स जीएनएम, बीएससी नर्सिंग आयु 21 से 35 वर्ष) तथा जापान में केयर गिवर हेतु 12वीं पास, एएनएम, जीडीए (केवल महिला, आयु 18 से 27 वर्ष) एवं हॉस्पिटैलिटी (आतिथ्य) क्षेत्र में 12वीं पास व एचएम में डिप्लोमा/डिग्री धारक (आयु 18 से 28 वर्ष) अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण गोस्वामी ने बताया कि यह जनपद के युवाओं के लिए विदेश में रोजगार प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। चयन से पूर्व अभ्यर्थियों का टेस्ट, इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा तथा चयनित अभ्यर्थियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें विदेश में रोजगार से जोड़ा जाएगा।

# पूर्ति कार्यालय में तालाबंदी की चेतावनी

## घरेलू गैस सिलेंडर रोस्टर के अनुसार नहीं बांटे जाने पर जताई कड़ी आपत्ति

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** घरेलू गैस सिलेंडर रोस्टर के अनुसार नहीं बांटे जाने पर बागेश्वर संघर्ष समिति ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज लोगों ने जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि नगर में गैस होने के बावजूद वितरण प्रणाली पटरी से उतरी हुई है। इस कारण लोग परेशान हैं। उन्होंने पूर्व की भांति रोस्टर के अनुसार गैस बांटने की मांग की है।

मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। संघर्ष वाहिनी के अध्यक्ष कवि जोशी ने कहा कि एक महीने से नगर में घरेलू तथा व्यावसायिक गैस वितरण पटरी से उतरी हुई है। कहा कि जब से पूर्ति विभाग गैस वितरण प्रणाली में एनबॉल्ब हुआ है तभी से समस्या खड़ी हुई है। जिनती गैस बुकिंग एजेंसी में हो रही है उनती गैस सिलेंडर वाहनों से नहीं भेजे जा रहे हैं। इस कारण कुछ ही लोगों को गैस मिल रही है। विभाग खुद लोगों को परेशनी में डाल रहा है। होम डिलवरी के बजाए सड़क पर गैस बांटी जा रही है। वह भी सबको नहीं मिल रही है। लोग सुबह से लाइन लगाने को मजबूर हैं। व्यापारियों को एक महीने से व्यावसायिक सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं, जबकि सभी लोगों ने दस्तावेज जमाकर अपने कार्ड बनाए हैं। प्रदेश सरकार के कोटे के अनुसार जिले को दो प्रतिशत कोटा आवंटन हुआ है। इसके अनुसार 70 व्यावसायिक सिलेंडर रोज बंटने चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 72 घंटे के भीतर रोस्टर के अनुसार गैस नहीं बांटी गई तो पूर्ति कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। इस आश्रय का उन्होंने पूर्ति विभाग ने ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर अंकुर उपाध्याय, नीरज मनराल, महेश नगरकोटी, विजय परिहार, मनोज जोशी, विजय थापा आदि मौजूद रहे।



### आईएमटी के विद्यार्थियों का अभूतपूर्व प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के यूजी पाठ्यक्रम बीबीए, बीसीए एवं बीकॉम (ऑनर्स) के विगत दिवस आए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। संस्थान की प्राचार्य डॉक्टर निमिषा अग्रवाल ने बताया कि बीसीए पाठ्यक्रम के परिणामों में लक्ष्मी शर्मा ने सर्वाधिक 8.0 एसजीपीए के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं आदित्या रावत ने 7.94 एसजीपीए के साथ द्वितीय, अंशिका एवं आशीष कुमार ने 7.78 एसजीपीए के संयुक्त रूप से कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बीबीए पाठ्यक्रम में कशिश रुहेला ने सर्वाधिक 7.70 एसजीपीए के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# काशीपुर बार एसोसिएशन ने मनाया ईद मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन द्वारा ईद मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा कि ईद मिलन धार्मिक एकता का परिचायक है। समारोह में न्यायिक अधिकारियों व न्यायिक कर्मचारियों ने भी भाग लिया तथा एक साथ मिलकर एक दूसरे को सेवई खिलाई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे बार एसोसिएशन सचिव यशवंत सिंह चौहान ने ईद मिलन समारोह का महत्व समझाया। इस अवसर पर काशीपुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे, सचिव यशवंत सिंह चौहान, उपाध्यक्ष विधु शेखर शर्मा, उपसचिव अंकित चौधरी, कोषाध्यक्ष बीसी नौटियाल, आय व्यय निरीक्षक गौरव मेहरोत्रा, पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश प्रजापति, कार्यकारिणी सदस्य प्रीति कश्यप, पंकुल गुप्ता, शुभम उपाध्याय, नरगिस, रणजीत सिंह विर्क, कैलाश कुमार, केदार सिंह, प्रीती शर्मा सहित कश्मीर सिंह, आनंद स्वरूप रस्तोगी, उमेश जोशी, शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, अब्दुल सलीम, भास्कर त्यागी एडवोकेट, सैयद आसिफ अली एडवोकेट, सीमा शर्मा एडवोकेट, संदीप सहगल एडवोकेट, संजय चौधरी एडवोकेट, रहमत अली एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।



# फायरिंग के दो आरोपी धरे

**काशीपुर।** जानलेवा हमला करने और फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो अभियुक्तगण को मय तमंचे व कारतूस के कोतवाली आईटीआई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विगत 24 मार्च को थाना आईटीआई में नामे अली द्वारा स्वयं के पुत्र पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली चलाकर घायल करने के सम्बन्ध में कॉल की, जिस पर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जसविन्दर सिंह मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुँचकर घायल शानू पुत्र नामे अली निवासी बरखेड़ा पाण्डेय से उक्त सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो मोटर साईकिल सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घायल शानू उपरोक्त पर फायरिंग करना प्रकाश में आया। जिस सम्बन्ध में धारा-109 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर फायरिंग करने वालों की तलाश शुरू की गयी। 29 मार्च को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त घायल शानू पर फायरिंग करने वाले अज्ञात व्यक्ति मय मोटर साईकिल के बांसखेड़ा प्लाईओवर के नीचे किसी का इन्तजार कर रहे हैं, जिस पर पुलिस टीम द्वारा बांसखेड़ा फ्लाईओवर के नीचे से शानू उपरोक्त पर जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त बिलाल पुत्र शाकिर अली निवासी पोपरी कालोनी बरहैनी थाना बाजपुर तथा मौ. रफी उर्फ गुड्डू पुत्र खुर्शीद अहमद निवासी उपरोक्त को मय एक तमंचा 315 बोर व 02 अदद कारतूस 315 बोर को घटना मे प्रयुक्त मोटर साईकिल हीरो स्पलेण्डर के हस्व कायदा गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया कि आपसी प्रेम प्रसंग के चलते हम लोगो द्वारा शानू उपरोक्त पर 24 मार्च 2026 को फायरिंग की थी। उस दिन तो वह बच गया था तो आज पुन: शानू को मारने के लिये आये थे। उक्त घटनाक्रम में प्रकाश में आये दो अन्य विधि विवादित किशोर से पूछताछ कर उनको उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# प्रॉपर्टी डीलरों की मनमानी

## सिंचाई नहर के ऊपर पुलिया डालने पर भड़के ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** ग्राम पंचायत देवलचौड़ रूपपुर में प्रॉपर्टी डीलरों की मनमानी से विवाद खड़ा हो गया है। सिंचाई नहर के ऊपर पुलिया डालने को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्राम पंचायत देवलचौड़ रूपपुर में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा सिंचाई नहर के ऊपर पुलिया डाल दी गई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि डीलर अपने निजी फायदे के लिए किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, नहर में पुलिया बनाए जाने से पानी की निकासी बाधित हो सकती है, जिससे सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित होने का खतरा है। इससे पहले भी प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा नहर को हटाने का प्रयास किया गया था, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता के चलते वह प्रयास विफल रहा। सामाजिक कार्यकर्ता गुड्डू चौहान ने इस मामले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी भी बिल्डर को अपने निजी लाभ के लिए किसानों को नुकसान पहुंचाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ बिल्डरों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते वे इस तरह की मनमानी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे न्यायालय का रुख करेंगे और न्याय की गुहार लगाएंगे।



### गेहूं क्रय केन्द्रों को शीघ्र खोले प्रशासन: अलका पाल

**काशीपुर।** कांग्रेस महानगर/जिलाध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि हर वर्ष 1 अप्रैल से गेहूं क्रय केन्द्रों के आरंभ होने के बावजूद, सरकार के द्वारा अभी तक गेहूं क्रय केन्द्रों का न खोलना समझ से परे हैं। महानगर जिला अध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि कई क्षेत्रों में किसानों ने अपनी गेहूं की फसल का कटान भी आरंभ कर दिया है। विगत वर्ष मंडी में 14 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 4 क्रय केंद्रों को आरंभ किया गया था, लेकिन अभी तक न तो मंडी में और न ही ग्रामीण क्षेत्रों में क्रय केन्द्रों को आरंभ किया गया है, जो कि अफसोस का विषय है। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मंडी और ग्रामीण क्षेत्रों में शीघ्र क्रय केंद्रों की स्थापना की जाए जिससे किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# कालाढूंगी के होनहारों ने किया नाम रौशन

## डांस प्रतियोगिता में मानवी प्रथम, तनिष्क ने जीता सिल्वर मेडल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** नगर निवासी मानवी तड़ियाल ने हाल ही में चंडीगढ़ के रयात बहारा यूनिवर्सिटी में आयोजित केकेएचडी डांस प्रतियोगिता में देशभर में पहला स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। मानवी, जो कालाढूंगी के कैमरेडी विद्यालय में कक्षा 8 की छात्रा हैं, ने फाइनल राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और ट्रॉफी जीती।

इस कार्यक्रम का प्रसारण 1 अप्रैल 2026 को डीडी पंजाबी चैनल पर शाम 2.30 से 3.30 बजे तक होगा। मानवी ने इस जीत को अपनी मां को समर्पित किया। वहीं, कमोला निवासी योगेश कुमार ने आर्ट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिससे उन्होंने न केवल अपनी कड़ी मेहनत का फल पाया, बल्कि उत्तराखंड का नाम भी पूरे देश में रोशन किया। योगेश, जो किशोर कुमार के पुत्र हैं, ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से ट्राफी हासिल की। दोनों बच्चों की इस उपलब्धि पर उनके परिवार और क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

क्षेत्र की कनिष्ठ प्रमुख अपूर्वा बिष्ट, उनके पति अनूप बिष्ट, ममता तड़ियाल सहित अन्य समाजसेवियों ने इन दोनों बच्चों को बधाई दी।



**कालाढूंगी।** कोटाबाग ब्लॉक के ग्राम पतलिया निवासी तनिष्क बधानी ने चंडीगढ़ में आयोजित टीवी रियलिटी शो किस में कितना है दम (सो विश्व विद्यालय, चंडीगढ़) में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता (सिल्वर मेडल) हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। तनिष्क, जो दून मॉडर्न अकादमी में कक्षा 4 के छात्र हैं, को उनकी इस उपलब्धि के लिए विद्यालय द्वारा विशेष सम्मानित किया गया। उनका कार्यक्रम जल्द ही टीवी पर प्रसारित होगा, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। तनिष्क के माता-पिता, पवन और भावना बधानी ने बताया कि बचपन से ही तनिष्क को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने का विशेष शौक था, और उनकी मेहनत और लगन का ही यह परिणाम है। इस सफलता से परिवार, कोटाबाग क्षेत्र और विद्यालय में खुशी का वातावरण है।

# महावीर जयंती पर भव्य रथयात्रा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** भगवान महावीर जयंती पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के तत्वावधान में भव्य रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। मानपुर रोड स्थित बाबा रिसॉर्ट में कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा एवं नैनी पेपर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पवन अग्रवाल ने किया। विशिष्ट जैन अतिथियों द्वारा भगवान महावीर के चित्र का अनावरण भी किया गया। इससे पूर्व नागनाथ मंदिर के पास स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में जैन बंधुओं ने अभिषेक, शांतिधारा पूजन और अन्य मांगलिक कार्यक्रम संपन्न किए। जैन समाज की महिलाओं और बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जबकि हस्तिनापुर से आई रामकुमार परदेशी की भजन मंडली ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ध्वजारोहण कार्यक्रम देवेंद्र जैन और बाजपुर के कृष्ण जैन परिवार ने किया। रथ में खवासी के रूप में आरजव जैन, सारथी के रूप में राहुल जैन, इंद्र के रूप में प्रवीण जैन, अभिनव जैन, हर्षित जैन और कुबेर के रूप में पुण्य जैन सवार रहे। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष योगेश जैन, मुख्य संयोजक विकास जैन, डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, ऊषा चौधरी, पुष्पेंद्र जैन, विनय जैन, विवेक जैन, राजेश जैन, मनोज कुमार अग्रवाल, अंकित जैन, सुभाष जैन, कौशलेश गुप्ता उपस्थित रहे।



# 27 सूत्रीय मांगों को लेकर इंजीनियरों की हड़ताल जारी

**बागेश्वर।** जिले में इंजीनियरों की 27 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल जारी है, जिसके कारण विकास कार्यों में अड़चनें आ रही हैं। मंगलवार को विभिन्न कर्मचारियों ने इंजीनियरों का समर्थन करते हुए हड़ताल में भागीदारी दी। लोनिवि गेस्ट हाउस में धरने पर बैठे इंजीनियरों के कारण जिले को लगभग 30 करोड़ से अधिक का नुकसान हो रहा है। इंजीनियरों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगों का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस दौरान इं. नंद किशोर जोशी, बिपिन सनवाल, राज कमल, संतोष कुमार, प्रमोद सिंह आदि थे।

**सम्मन**

**न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी/ उप जिलाधिकारी, काशीपुर जिला उधम सिंह नगर**

राजस्व वाद संख्या 22/199 वर्ष 2024-25

**वादी**- मौ. फरहान पुत्र मौहम्मद फुरकान नि. मौ. बैंक कालौनी, गौतमनगर तहसील काशीपुर जिला उधामसिंहनगर

**प्रतिवादी**- बनाम उत्तराखण्ड सरकार

अन्तर्गत धारा 143 जेड.ए.एक्ट मौजा बांसखेड़ा कला

हर आम व खास को सूचित किया जाता कि मौ. फरहान पुत्र मौहम्मद फुरकान नि. मौ. बैंक कालौनी गौतमनगर तहसील काशीपुर जिला उधमसिंहनगर मौजा बांसखेड़ाकला तहसील काशीपुर के खाता सं. 322 ख.सं. 364 मि. रक्बा 0.172 है. लगानी 4.25 रू0 कषि भूमि से अकृषक भूमि घोषित कराने हेतु मेरे न्यायालय में धारा 143 जेड. ए. के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 15.04.26 मेरे न्यायालय में नियत है। यदि किसी को उक्त के विषय में आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति नियत दिनांक तक मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा प्रार्थनापत्र का निस्तारण कर दिया जाएगा। आज्ञा से : (रीडर)

न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी/उप जिलाधिकारी, काशीपुर जिला उधमसिंहनगर।

**सम्मन**

**न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी/ उप जिलाधिकारी, काशीपुर जिला उधम सिंह नगर**

राजस्व वाद संख्या 22/198 वर्ष 2024-25

**वादी**-मौहम्मद फुरकान पुत्र मौहम्मद फारूक नि. मौ. बैंक कालौनी गौतमनगर तहसील काशीपुर जिला उधमसिंहनगर

**प्रतिवादी**- बनाम उत्तराखण्ड सरकार

अन्तर्गत धारा 143 जेड.ए.एक्ट मौजा बांसखेड़ा कला

हर आम व खास को सूचित किया जाता कि मौहम्मद फुरकान पुत्र मौहम्मद फारूक नि. मौ. बैंक कालौनी गौतमनगर तहसील काशीपुर जिला उधमसिंहनर मौजा बांसखेड़ाकला तहसील काशीपुर के खाता सं. 322 ख.सं. 364 मि. रक्बा 0.173 है. लगानी 4.25 रू0 कृषि भूमि से अकृषक भूमि घोषित कराने हेतु मेरे न्यायालय में धारा 143 जेड. ए. के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 15.04.26 मेरे न्यायालय में नियत है। यदि किसी को उक्त के विषय में आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति नियत दिनांक तक मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा प्रार्थनापत्र का निस्तारण कर दिया जाएगा। आज्ञा से : (रीडर)

न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी/उप जिलाधिकारी, काशीपुर जिला उधमसिंहनगर।

**सूचना: सम्बंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र दीपक बिष्ट को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इसके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

मंजू बिष्ट पत्नी मोहन सिंह बिष्ट निवासी लालपुर नायक तहसील हल्द्वानी जिला नैनीताल।

# 13 बच्चों ने एक साथ मनाया जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**टनकपुर।** रजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छीनीगोठ में प्रत्येक माह की भांति इस बार भी मार्च माह के अंतिम दिवस पर सामूहिक जन्मोत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मार्च माह में जन्मे कुल 13 विद्यार्थियों का सामूहिक रूप से जन्मदिन मनाया गया।

इनमें कक्षा 06 के प्रदीप सिंह भंडारी एवं सरस्वती, कक्षा 07 के कार्तिक सिंह बिष्ट, ऋतिक कुलेठा, सोनू सामंत, दिव्यांशी और हिमानी गिरी, कक्षा 8 के अंश गहतोड़ी तथा कक्षा 9 के सूरज सिंह, खुशी, प्रियांशी चौड़ाकोटी, जीवन चंद्र और पारस चौड़ाकोटी शामिल रहे। कार्यक्रम के सूत्रधार शिक्षक त्रिलोचन जोशी ने सभी जन्मदिन वाले बच्चों को उपहार स्वरूप ज्ञान-विज्ञान बुलेटिन प्रदान कर उन्हें शिक्षाप्रद प्रेरणा दी। इस दौरान बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। विद्यालय द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य पढ़ने लिखने की संस्कृति को प्रोत्साहित करना, विद्यालय को आनंदालय के रूप में विकसित करना, सामुदायिक सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना तथा छात्र संख्या में वृद्धि करना है। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों को उनका परीक्षाफल भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी, शिक्षक बेचन यादव, पवन कुमार, रचित वल्दिया, ओम प्रकाश, उमेश चंद्र भट्ट, कार्यालय सहायक अर्जुन कुमार तथा भोजन माता रेखा देवी एवं पुष्पा देवी सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



# भारी हंगामे के बीच 20 प्रस्ताव पारित

## नगर निगम में 2026-27 के लिए 216 करोड़ रुपये के बजट पर भी गहन चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को नगर निगम सभागार में आयोजित नगर निगम की बोर्ड बैठक मेयर गजराज सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शहर के विकास, सफाई व्यवस्था और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े कुल 20 अहम प्रस्ताव पेश किए गए, जिन्हें पार्षदों की सहमति से ध्वनिमत से पारित किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित 216 करोड़ रुपये के बजट पर भी गहन चर्चा की गई। साथ ही जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और ठोस निर्णय लिए गए। बैठक में पार्षदों ने प्रमुखता से यह मुद्दा उठाया कि कुछ पर्यावरण मित्रों द्वारा सफाई के नाम पर अवैध रूप से धन. राशि वसूली की जा रही है। साथ ही बैंणी सेना के अतिरिक्त अन्य माध्यमों से भी यूजर चार्ज वसूलने की शिकायतें सामने आई, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



इस पर मेयर गजराज बिष्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि नागरिक किसी भी स्थिति में अनधिकृत व्यक्तियों को यूजर चार्ज न दें। उन्होंने अपील की कि केवल अधिकृत बैंणी सेना को ही भुगतान करें और बदले में विधिवत रसीद अवश्य प्राप्त करें ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने निगम प्रशासन को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई भी कर्मचारी या कार्मिक अवैध वसूली करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सफाई कर्मचारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए गए। पार्षदों ने अवगत कराया कि कुछ पर्यावरण मित्र बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कार्यस्थल से गायब हो जाते है, जिससे क्षेत्र में स्फाई व्यवस्था प्रभावित होती है। इस पर बोर्ड ने सर्वस मति से निर्णय लिया कि अब प्रत्येक माह संबंधित वार्ड के पार्षद की ओर से कर्मचारियों की उपस्थिति प्रमाणित किए जाने के बाद ही उनका वेतन जारी किया जाएगा। जिन कर्मचारियों की उपस्थिति पार्षद से प्रमाणित नहीं होगी, उनका वेतन रोका जाएगा। शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए मेयर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक घर तक कूड़ा वाहन की नियमित और समयबद्ध पहुंच सुनिश्चित की जाए। कही अनव्यवस्था होती है तो अधिकारी तत्काल उसका संज्ञान लेकर निराकरण करे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित 216 करोड़ रुपये के बजट पर भी गहन चर्चा की गई। बजट में शहर के विकास और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल की गई है। इनमें कार्यकारिणी समिति का गठन, राजपुरा क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण, नगर निगम की दुकानों के किराए में वृद्धि, फ्रेश वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, जजी कोर्ट के समीप आंचल मिल्क कैफे खोलने का प्रस्ताव प्रमुख रहे। इसके अलावा यूजर चार्ज में वृद्धि तथा स्वान पशु बंध्याकरण कार्यक्रम के तहत 10 हजार आवारा कुत्तों का बंध्याकरण और जेसीबी मशीन की खरीद को भी मंजूरी दी गई। मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि नगर निगम शहर के समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। बैठक में नगर आयुक्त परितोष वर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. तोलिया सहित सहायक लेखाधिक. ारी, कर अधीक्षक और तमाम पार्षद मौजूद रहे।

### गैस वितरण व्यवस्था पर पार्षदों का हंगामा

बोर्ड बैठक के दौरान शहर में गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था को लेकर पार्षदों ने हंगामा भी किया। पार्षदों ने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे है जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षदों ने कहा कि गैस बुकिंग कराने के बावजूद लोगों को कई दिनों तक सिलेंडर नहीं मिल रहा है। स्थिति यह है कि उपभोक्ताओं को अपने जरूरी कामकाज छोड़कर घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है, फिर भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिस पर मेयर गजराज बिष्ट ने संबंधित गैस सेवा प्रदाता के प्रतिनिधि को बैठक में तलब किया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि वितरण व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए।

## उत्तर गौजाजाली में समस्याओं का अंबार, पार्षद ने महापौर को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम के वार्ड-59 उत्तर गौजाजाली में लंबे समय से चली आ रही मूलभूत समस्याओं के समाधान न होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को बोर्ड बैठक के दौरान स्थानीय पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने समस्याओं के समाधान को लेकर मेयर गजराज सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। मेयर को दिए गए ज्ञापन में पार्षद गुड्डू ने कहा कि वार्ड का क्षेत्रफल बड़ा होने के बावजूद कूड़ा उठान की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। कूड़ा गाड़ी नियमित रूप से नहीं पहुंच पाने के कारण क्षेत्र में गंदगी का अंबार बना हुआ है। इसके अलावा वार्ड में स्ट्रीट लाइट और विद्युत पोल की कमी भी गंभीर समस्या बनी हुई है। वहीं प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना के अंतर्गत गणपति विहार, जोशी विहार और चौधरी कॉलोनी में सीवर लाइन डालने के बाद करीब 25 गलियों की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। इन सड़कों का निर्माण एडीबी द्वारा किया जाना है, लेकिन लंबे समय से कार्य ठप पड़ा हुआ है। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



# सरकारी दफ्तर में शराब पीकर ड्यूटी करने वाला कर्मचारी सस्पेंड

## विद्युत विभाग के कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट का छापा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को सरकारी दफ्तरों में अनुशासन की धज्जियां उड़ाने का एक और मामला सामने आया, जब काठगोदाम हाइडिल स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय सहायक दीपक बोरा शराब के नशे में धुत पाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने मौके पर ही कर्मचारी को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए। प्रशासन को हाल ही में सूचना मिल रही थी कि हाइडिल विभाग के सेकेंडरी वर्क डिवीजन कार्यालय में अनुशासनहीनता की घटनाएं बढ़ रही हैं। सोमवार सुबह करीब 11 बजे सिटी मजिस्ट्रेट को सूचना मिली कि एक कर्मचारी नशे में ड्यूटी कर रहा है। बिना समय गंवाए, वे अपनी टीम के साथ कार्यालय पहुंचे। छापेमारी के दौरान वहां अफरा-तफरी मच गई, और कर्मचारी दीपक बोरा नशे की हालत में पाया गया। वह सिटी मजिस्ट्रेट के सामने ठीक से खड़ा नहीं हो पा रहा था और उनके सवालों का सही जवाब नहीं दे पा रहा था। फाइलों के बीच शराब की गंध ने सिटी मजिस्ट्रेट का पारा चढ़ा दिया। सिटी मजिस्ट्रेट ने आरोपी कर्मचारी को जमकर फटकार लगाई और नशे की आधिकारिक पुष्टि के लिए प्रशासन ने पुलिस की मदद से कर्मचारी को बेस अस्पताल भेजा, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। उन्होंने तुरंत विभाग के उच्चाधिकारियों को दीपक बोरा के सस्पेंड के आदेश दिए। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने कहा कि सरकारी मर्यादा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों को दीपक बोरा को सस्पेंड करने के आदेश दिए।



## ई-रिक्शा में महिला का मंगलसूत्र झपटा, मुकदमा

**हल्द्वानी।** कुछ दिन पूर्व ई-रिक्शा सवार महिला के गले से मंगलसूत्र स्नेचिंग कर ली गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर लिया है। हल्द्वानी कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में जयदेवपुर तल्ला मुखानी निवासी मेघा जोशी ने लिखा, बीती 21 मार्च को वह अपनी बहन सावित्री देवी के साथ बाजार गईं थी। शाम करीब 4 बजे वह ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। सावित्री ने गले में ढाई तोले सोने का मंगलसूत्र पहना था। मुखानी चौराहे के पास टुकटुक में दो महिलाएं सवार हुईं और दोनों सावित्री व मेघा के बगल में बैठ गईं। महिलाओं के साथ एक छोटा बच्चा भी था। दोनों बहनें सेंट्रल हॉस्पिटल के पास ई-रिक्शा से उतरीं और जब घर पहुंची तो गले से मंगलसूत्र गायब था। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं, जल्द ही शातिर महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**ट्रक की चपेट में आया युवक घायल**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड पर ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। कोतवाली हल्द्वानी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सौंपी तहरीर में देवलचौड़ बंदोबस्ती रामपुर निवासी यश दरम्वाल ने कहा कि बीती 24 मार्च की शाम तरुण दरम्वाल स्कूटी पर सवार देवलचौड़ बंदोबस्ती स्थित अपने घर लौट रहा था। तभी पचांयत घर से देवलचौड़ की ओर आने के दौरान ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना में तरुण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

**अस्पताल गई महिला लापता**

**हल्द्वानी।** घर से अस्पताल के लिए निकली महिला लौट कर घर नहीं पहुंची। मामले में हल्द्वानी कतोवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस को दी तहरीर में हेडी बैल निवासी नवीन चंद्र पलडिया ने लिखा वह अपनी 27 वर्षीय पत्नी बीना देवी व बच्चों के साथ फतेहपुर में रहते हैं। बीती 17 मार्च को बीना घर से यह कहकर निकली थी कि उपचार के लिए सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय जा रही है, लेकिन फिर लौट कर नहीं आई।

# हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर त्रिपुरेश्वरी शक्ति पीठ, श्रीबालाजी मंदिर मंदिर रूपनगर मुखानी द्वारा कल यानि आज बुधवार को शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। त्रिपुरेश्वरी शक्ति पीठ, श्रीबालाजी मंदिर रूपनगर में होने जा रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। यह बात मंदिर के व्यवस्थापक पूरन चन्द्र पाठक ने कहीं। मंगलवार को उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के व्यवस्थापक पूरन चन्द्र पाठक ने बताया कि विगत 18 वर्षों से लगातार हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। श्री पाठक ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत आज मंगलवार पहले दिन श्री बालाजी महाराज को चांदी का चोला अर्पित कर की गई। इस अवसर पर भुवन चंद पनेरु, आंचल दूध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा, कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, भाजपा नेता मनोज पाठक और पूर्व ब्लॉक प्रमुख गोपाल सिंह नेगी ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कल यानि आज बुधवार को शहर में निकलने वाली शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए बाहर के कलाक. ारों के द्वारा माता के पांच रूप, श्री गणेश भगवान, श्रीरामचंद्र, हनुमान साथ, बांके बिहारी की रासलीला, बालाजी महाराज का भव्य दरबार सहित मां शबरी भगवान श्रीराम को बेर खिलाते भव्य झांकी मुख्य आर्कषण का केन्द्र रहेगा। इसके साथ ही विभिन्न झांकियां शोभायात्रा में शामिल होगे। कार्यक्रम संयोजक अतुल कुमार गुप्ता ने बताया कि शोभायात्रा लक्ष्मी शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर श्रीबालाजी मंदिर रूपनगर पर आकर संपन्न होगी। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल यानि गुरूवार को मंदिर पसिर में सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। जिसके बाद विशाल भंडारा, और देर शाम बालाजी महाराज का विशाल दरबार सजाया जाएगा। वहीं रात्रि 8 बजे से भव्य संकीर्तन कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें दिल्ली के विवेक शर्मा, रुद्रपुर के शुभम सक्सेना और किच्छा-सितारगंज की नेहा कोरंगा सहित कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। जिसमें बाहर के आए कलाकारों के द्वारा बालाजी महाराज के भजनों का गुणगान किया जायेगा। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती, 56 भोग और 101 किलो चूरमे के लड्डूओं का विशेष प्रसाद अर्पित किया जाएगा। इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए 51 फीट का भव्य दरबार भी आकर्षण का केंद्र रहेगा, जिसे वैभव गुप्ता द्वारा तैयार किया जा रहा है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।




## काठगोदाम पुलिस ने शराब तस्कर दबोचा

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 54 टेट्रा पाउच देसी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 30 मार्च को गश्त के दौरान खेड़ा गौलापार क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। आयकर विभाग के पास गंगानगर मार्ग से आरोपी बलवंत सिंह बिष्ट निवासी पूर्वी खेड़ा गौलापार को गिरफ्तार किया। आरोपी शराब बेचने के लिए ले जा रहा था।

## दमकल कर्मियों ने जंगलों में लगी आग बुझाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अग्निशमन केंद्र फायर स्टेशन नैनीताल को मंगलवार को भवाली के समीप तिरछाखेत के पास जंगल क्षेत्र में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। शीघ्र ही फायर यूनिट नैनीताल घटनास्थल पर रवाना हुई, पहुंच कर देखा तो जंगल की आग आवासीय भवनों की ओर तेजी से बढ़ रही थी जिसे फायर यूनिट द्वारा पंपिंग कर होजरील की सहायता व वन कर्मियों द्वारा पीट पाट कर पूर्ण रूप से बुझाया व आग को अन्य क्षेत्र में फैलने से रोका गया। इस दौरान फायर यूनिट व वन विभाग की ओर से क्षेत्र के लोगों से गर्मी के सीजन को ध्यान में रखते हुए वनों को आग से बचाने के लिए हर संभव सहयोग का आह्वान किया। फायर यूनिट टीम में प्रकाश सिंह, जय प्रकाश आर्य, किशोर सिंह तथा मोहन सिंह शामिल रहे।

# प्रिंसिपल ऑफिस की दूसरी मंजिल पर चढ़े छात्र

## उत्तर पुस्तिकाओं के पुन: मूल्यांकन की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी डिग्री कॉलेज परिसर में मंगलवार की दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब कालेज के कुछ छात्र नेता छात्र पेपरों की रि-चैकिंग कराने की मांग को लेकर को लेकर प्रिंसिपल कार्यालय की दूसरी मंजिल पर चढ़ गए और छत से नीचें कूदने की धमकी देने लगे। सूचना पर पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गया।




कालेज प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने छात्रों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन छात्र अपनी जिद पर अड़े रहे। दो तीन घंटे तक चले इस हंगामे के बाद छात्रों को अश्वासन दिया जिसके बाद छात्र छत से नीचे उतरे। छात्रों का आरोप था कि तीसरे और पांचवें सेमेस्टर में करीब 60 से 70 फीसदी छात्रों को फेल कर दिया गया है जबकि कुछ छात्र गेस मार्क से पास हुए हैं। छात्र पेपरों की रि-चैकिंग कराने की मांग पर अड़ गए। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर आत्मदाह की भी चेतावनी दी गई। छात्रों ने विशेष रूप से जियोलॉजी और कॉमर्स डिपार्टमेंट के इनकम टैक्स पेपर में फेल छात्रों की संख्या अधिक होने पर विरोध जताया। छात्र नेता पीयूष शर्मा ने बताया कि एक क्लास में 1200 छात्र थे, जिनमें से लगभग 800 छात्र फेल कर दिए गए, जबकि बाकी छात्रों को केवल पासिंग नंबर या ग्रेस मार्क से पास किया गया। छात्र करन डोभाल ने कहा कि जिन छात्रों ने पहले ए ग्रेड से पास किया था, वे अचानक फेल कैसे हो सकते हैं? छात्रों ने आशंका जताई कि इस फैसले से उनका एक पूरा साल प्रभावित हो सकता है। उन्होंने मांग की कि फेल हुए छात्रों की पेपरों की री-चेकिंग कराई जाए और उन्हें न्याय मिले। छात्रों द्वारा छत से नीचे कूदने और आत्मदाह की धमकी दिए जाने से कालेज प्रशासन के भी हाथ पांव फूल गए। कालेज प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस प्रशासन को दी और छात्रों को किसी तरह से समझा बुझा कर नीचे उतरवाया। छात्रों के नीचे उतरने के बाद कालेज प्रशासन ने राहत की सांस ली। इधर एमबीप. ीजी कालेज के प्राचार्य डा. एनएस बनकोटी ने बताया कि पूरे मामले की जानकारी विश्व विद्यालय प्रशासन को दे दी गई है। अब यह विवि पर निर्भर है कि वह क्या फैसला लेता है।

# सीखने की तीव्र इच्छा सफलता की कुंजी: आयुक्त

## महिला डिग्री कालेज में करियर काउंसलिंग एक्सपो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महिला डिग्री कॉलेज में मंगलवार को एक दिवसीय करियर काउंसलिंग एक्सपो कार्यशाला का शुभारंभ आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर आयुक्त दीपक रावत ने छात्राओं को करियर चयन के महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए कहा कि यदि उनमें सीखने की तीव्र इच्छा और जिज्ञासा हो तो वे भविष्य में किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकती है। उन्होंने छात्राओं को अपनी रुचि के अनुसार करियर चुनने और समाज को बेहतर योगदान देने की सोच विक. सित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि करियर केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि व्यक्तिगत संतुष्टि और समाज सेवा का माध्यम भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक्सपो में आयोजित साइकोलॉजी टेस्ट के माध्यम से छात्राओं की रुचि, व्यक्तित्व, तर्क क्षमता और कार्यशैली का मूल्यांकन कर उनके लिए उपयुक्त करियर विकल्पों की पहचान की जा रही है। प्राचार्य डा. आभा शर्मा ने बताया कि डिग्री कॉलेज में पहली बार इस तरह का करियर एक्सपो आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य छात्राओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने के साथ ही उनकी प्रतिभा को निखारना है। उन्होंने बताया कि एक्सपो में सरकारी और गैर-सरकारी विभागों के 23 स्टॉल लगाए गए है। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बसंती राणा और नीमा बिष्ट को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल के माध्यम से छात्राओं को जानकारी दी। इस दौरान निदेशक उच्च शिक्षा डा. बीएन खाली, यूओयू कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, प्राचार्य एमबीपीजी कॉलेज डा. बीएस बनकोटी, प्रो. रश्मि पंत सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहे।



## डिप्लोमा इंजीनियर्स मांगें पूरी नहीं होने से गुस्से में

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर महासंघ की लंबित 27 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर डिप्लोमा इंजीनियर की अनिश्चितकालीन हड़ताल नौवें दिन भी जारी रही। दूसरी ओर अब दो अप्रैल को डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के प्रांतीय अधिकारी देहराद. ून में शासन से वार्ता करेंगे। डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के प्रांतीय संगठन सचिव कुमाऊं मंडल राजेंद्र गिरी ने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियर को हड़ताल को नौ दिन पूरे हो गए हैं लेकिन अभी तक हमारी एक भी मांग पूरी नहीं की गई है।उन्होंने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियर की मांग को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के प्रांतीय अधिकारी देहराद. ून में शासन से वार्ता करेंगे।

# सेवानिवृत्त दो लिपिकों को विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो वर्कशॉप में सीनियर बुकिंग क्लर्क के पद से सेवानिवृत्त होने पर सुमन अग्रवाल को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की। इस मौके पर उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट, शाखा अध्यक्ष मनोज भट्ट, हरीश रावत, गुंजन अग्रवाल, ललित पांडे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन में भी वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत राजेंद्र सिंह नेगी की सेवानिवृत्ति के अवसर पर डिपो के सभी कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह में सभी ने राजेंद्र सिंह नेगी के कार्यकाल की सराहना की और उन्हें उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर हल्द्वानी डिपो के सहायक महाप्रबंधक संजय पांडे, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी नवीन कोठारी, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी विद्या जोशी, उमेश जोशी, जगदीश कांडपाल, सुरेंद्र सिंह रावत, कौशल जोशी, रमेश कपिल, नवनीत कपिल, सरोज सती, आनंदी शुक्ला, राम अवध यादव, नितिन दिक्षित, जलील अहमद, अख्तर चौधरी, जीवन सिंह, पंकज पुरी, अनंत अग्रवाल, भास्कर चंद्र सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



# विवेचकों को एडीजी का अल्टीमेटम

## जांचों में तेज़ी लाने के निर्देश, अपराध नियंत्रण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं: वी. मुरुगेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पिछले दो दिवसीय नैनीताल जिले में घूम-घूमकर भ्रमण कर रहे एडीजी एलओ डा. वी. मुरूगेशन ने मंगलवार को हल्द्वानी कोतवाली पहुंचे और यहां पर उन्होंने मीटिंग हॉल में नैनीताल और ऊधम. सिंह नगर जिले के विवेचकों की क्लास लगाई। दरोगाओं की विवेचना से खफा एडीजी ने उन्हें अल्टीमेटम दिया है और तय समय के भीतर सभी जांचों के निपटाने के निर्देश दिए। ऐसा न होने पर नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के कई दरोगाओं पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है। समीक्षा बैठक में अपर पुलिस महा. निदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था डा. वी. मुरुगेशन ने नैनीताल और ऊधमसिंह नगर पुलिस के कामकाज की सख्त समीक्षा करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि कानून व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में दोनों जिलों के राजपत्रित अधिकारियों के कार्यों का बारीकी से विश्लेषण किया गया। बैठक में चार प्रमुख फोकस एरिया तय किए गए। जिसमें महिला अपराध, नशा तस्करी, गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश और अज्ञात शवों की शिनाख्त शामिल है। महिला अपराधों की जांच 60 दिन के भीतर पूरी करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। जबकि नशा तस्करी पर कड़ा रुख अपनाते हुए एडीजी ने बड़े तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई और उनकी संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया तेज करने को कहा। वहीं गुमशुदा, खासकर नाबालिग बच्चों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। अज्ञात शवों की शिनाख्त के लिए आधुनिक तकनीक और व्यापक प्रचार-प्रसार का सहारा लेने पर भी जोर दिया गया। एडीजी ने लंबित विवेचनाओं, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी और शिकायतों के निस्तारण की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। एडीजी ने थानों और पुलिस कार्यालयों के नियमित निरीक्षण के साथ-साथ मालखानों में लंबित माल का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करने को कहा। साथ ही ई-साक्ष्य और नैटग्रिड जैसे पोर्टल्स पर डेटा अपलोड करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। एडीजी ने स्पष्ट किया कि निर्देशों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में एसएसपी नैनीताल डा. मंजूनाथ टीसी, यूएसनगर के एसएसपी अजय गणपति समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



# आंचल ने 20 लाभार्थियों को बांटे चेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं।** नैनीताल आँचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड ने दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों और दुग्ध समितियों से जुड़े कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। संघ द्वारा 20 जरूरतमंद लाभार्थियों को कुल 2 लाख 98 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा के नेतृत्व में लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। यह सहायता उन लोगों को दी गई, जो आकस्मिक घटनाओं, गंभीर बीमारी या पशुधन की क्षति जैसी कठिन परिस्थितियों से गुजर रहे थे। संघ की ओर से लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। सहायता राशि प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरे पर राहत और संतोष साफ दिखाई दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि आँचल दुग्ध संघ अपने सभी दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों और कर्मचारियों के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों तक समय पर सहायता पहुंचाना संघ की प्राथमिक जिम्मेदारी है और भविष्य में भी यह सहयोग निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में गोविंद सिंह मेहता, अनुराग शर्मा, उमेश पठालनी, सुभाष बाबू, शांति कोरंगा, पूरन चंद्र मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीएम धामी ने सत्रहमील -नानक सागर डैम सड़क को 34.5 करोड़ का दिया तोहफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सड़क ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजमार्ग 70 पर सत्रह मील से सागर डैम तक लगभग 13.6 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर स्वीकृति मिल गई है। मोटर मार्ग के चौड़ीकरण होने से आवागमन काफी सुगम हो जाएगा।

बेहद जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी सड़क को स्थानीय लोगों द्वारा मरम्मत व उच्चीकरण की मांग उठाई गई थी, जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रोड के उच्चीकरण की घोषणा की थी। सीएम के नोडल अधिकारी दिनेश यादव ने बताया कि इस परियोजना के तहत सड़क को डेढ़ लेन में विकसित किया जाएगा, जिससे आवागमन की गति में सुधार आएगा। 13.6 किमी परियोजना के तहत सड़क को डेढ़ लेन में किया जाएगा।

विकसित नानंक सागर डैम आने वालों के लिए आवागमन सुगम होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पूर्व में मांग की गई थी, जिसे अब शासन स्तर पर अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। सड़क चौड़ीकरण कार्य पर लगभग 34.5 करोड़ रुपये की समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। इस सड़क के चौड़ीकरण से न केवल खटीमा क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी, बल्कि नानक सागर डैम तक पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए भी आवागमन अधिक सुगम हो जाएगा। वर्तमान में यह मार्ग कई स्थानों पर टूट-फूट हो जाने के कारण असुरक्षित हो चला है और इससे वाहनों की गति पर भी असर पड़ा है।

# भारतीय किसान यूनियन व चढ़ूनी गुट की संयुक्त बैठक संपन्न

- **खरीद संबंधी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर अन्य प्रदेशों की तर्ज पर बोनस दिया जाए**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारतीय किसान यूनियन एवं भाकियू चढ़ूनी गुट की संयुक्त बैठक में किसानों ने गेहूं खरीद में होने वाली परेशानियों पर चर्चा की। बाद में बिंदुवार सभी समस्याओं को

वरिष्ठ विपणन निरीक्षक केसी आर्य के समक्ष रखा, किसानों ने गेहूं खरीद में किसी तरह की कोताही न बरतने की अपील की। मंडी परिसर स्थित कृषक सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाकियू जिला अध्यक्ष गुरु सेवक सिंह ने अन्य प्रदेशों की तर्ज पर किसानों को बोनस देने, शत प्रतिशत खरीद निर्धारित करने, 48 घंटे के अंदर भुगतान निर्गत कराने की मांग की।

एक मई से संचालित होने वाले केंद्रों पर बारदाना, पर्याप्त लेबर, सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर ने गेहूं खरीद में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी। वक्ताओं ने बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा गठित कर प्रत्येक खरीद केंद्र पर खरीद संबंधी अवस्थाओं पर कड़ी नजर रखने का निर्णय लिया।

बैठक में जसविंदर सिंह पप्पू, हरप्रीत सिंह महल , अवतार सिंह, प्रितपाल सिंह, हीरा सिंह संधू, दलजीत सिंह, बलजीत सिंह, बिल्लू , अनिल सिंह राणा, सुखविंदर सिंह, निर्मल सिंह, राजेंद्र सिंह, जनरल सिंह, पप्पू ,जसपाल सिंह , बलदेव सिंह चांदा आदि किसानों ने विचार व्यक्त किया।

इधर एसएमआई कृष्ण चंद्र आर्य ने बताया कि 1 अप्रैल से सभी एजेंसियों के खुलने वाले 35 क्रय केंद्रों में खरीद संबंधी सभी व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएगी । प्रत्येक दिन होने वाली खरीद की सूची शासन से अभी निर्गत नहीं हुई है। प्रत्येक सेंटर पर खरीद संबंधी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

## एक नजर

### जमीन बंटवारे को लेकर आपस में झगड़ते तीन भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशानुसार अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही के तहत जमीन के बटवारे तथा रास्ते के विवाद को लेकर लड़ाई झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले तीन भाई दिग्विजय सिंह, दिनेश सिंह और चंद्रवीर सिंह पुत्रगण राजेश सिंह निवास. ीगण ग्राम धर्मपुर कोतवाली जसपुर को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई विजय सिंह चौकी इंचार्ज धर्मपुर, का. अब्दुल मलिक, ललित नेगी आदि शामिल रहे।

### कच्ची शराब के साथ शराब तस्कर दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत शराब तस्कर को इलेक्ट्रिक स्कूटी पर शराब का परिवहन करते 42 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी सूत मिल उ.नि. इंद्र सिंह ढेला द्वारा मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर जसपुर क्षेत्र से अभियुक्त रोहित सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी कलियावाला थाना जसपुर को 42 पाउच कच्ची शराब के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी पर परिवहन करते गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई । पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई इंद्र सिंह ढेला, का. अरुण कुमार, परविंदर सिंह आदि शामिल रहे।

### जनता से मुलाकात कर सीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अपने खटीमा भ्रमण के दौरान हेलीपैड लोहियाहेड एवं कैम्प कार्यालय में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनीं तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा जनसमस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी जन समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गैस के लिए पैनिक होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि गैस की कालाबाजारी कोई भी करता है तो उसकी शिकायत तत्काल जिलाधिकारी से करें। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि कालाबाजारी किसी भी दशा में न हो । इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, विनय रुहेला, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा, सतीश भट्ट, प्रमोद मित्तल, भवानी भण्डारी, रंदीप पोखरिया, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, एएसपी डा. उत्तम सिंह नेगी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, अधिशासी अभियंता लोनिवि एनके अग्रवाल सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विद्युत केबल/तांबा सहित एक चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा चोरी की घटनाओं के खुलासे हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत चौकी झनकट पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को टेलीफोन टावरों से काट कर चोरी किए गए विद्युत केबल/तांबा सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

उ.नि. भुवन गहतोडी मय पुलिस टीम द्वारा तलाश माल मुल्जिमान के दौरान मुखबिर की सूचना पर बीएड कॉलेज रोड स्थित श्मशान घाट के पास कूड़े के ढेर के पास एक व्यक्ति को प्लास्टिक तार जलाकर उसमें से तांबा निकालते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में अपना नाम बाबू उस्मानी पुत्र नियाजुद्दीन निवासी वार्ड नं. 2, कंजाबाग, खटीमा बताया तथा स्वीकार किया कि वह टावरों से केबल काटकर उन्हें जलाकर तांबा निकालकर बेचता है। अभियुक्त की निशानद. ही पर लगभग दो किलोग्राम जला हुआ तांबा, बंडल पावर केबल (2 कोर, 16 स्क्वायर मि.मी.), 2 कोर 4 स्क्वायर मि.मी. के 05 टुकड़े लगभग 40 मीटर के आस -पास तार की बरामदगी हुई है । पुलिस टीम में उ.नि. भुवन गहतोडी, का. नवीन चंद, देवेन्द्र सिरोला आदि थे।

### मुख्यमंत्री धामी का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** प्रदेश के मुख्यमंत्री का नानकमत्ता पहुंचने पर नगर के मुख्य चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार फूल मालाओं से स्वागत किया।



सोमवार की देर रात नगर के मुख्य चौराहे पर पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का यहां पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। मोटर मार्ग से पहुंचे पुष्कर सिंह धामी के काफिले की सुरक्षा में जनपद उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति एवं प्रशासनिक दलबल मुस्तैद दिखाई दिया। उसके उपरांत में खटीमा की ओर रवाना हो गए। यहां जनजाति प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना, जिला पंचायत सदस्य भास्कर संभल, डा. देवेंद्र सिंह, राजन चौहान, जगदीश जोशी मंडल अध्यक्ष ओम नारायण सिंह राना, पूर्व सभासद सुखलाल सिंह, खेमकरण सिंह राना, सुरेश पंतोला, राज सिंह , डा. सुरेश जोशी,सहित आदि मौजूद रहे।

### सतगुरु आचार्य चेतना नन्द महाराज पहुंचे रामनगर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सतगुरु आचार्य चेतना नन्द महाराज भूरी वाले महात्मा द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी और पूर्व पालि. काध्यक्ष उर्मिला चौधरी के निवास पर पहुंचे।

उन्होंने उपस्थित श्रद्धालु जनों को जीवन जीने को लेकर किस तरह का बदलाव वर्तमान समय में देखने को मिलता है अपनी वाणी से प्रस्तुत किया।सभी भक्त जनों ने महाराज जी के प्रवचनों को सुनकर अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।वही महाराज जी ने पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी के ग्राम दयारामपुर टांडा स्थित भुरे वाले आश्रम में चल रहे तीन दिवसीय पाठ का भी समापन किया गया।सोमवार सुबह महाराज जी पंजाब वापस लौट गए। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष उर्मिला चौधरी, पूर्व राज्यमंत्री पुष्कर दुर्गापाल,वीरेंद्र चौधरी, राजीव कुमार, मनमो. हन, धर्मेन्द्र जैन,अनिल आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती एकेडमी का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में सोमवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन कर विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा के प्रगति पत्र वित. रित किए गए तथा आगामी शैक्षणिक सत्र की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

इस अवसर पर 4 से कक्षा 8 तक के अधिकांश विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कक्षा 4 में सम्राट प्रथम, प्रतीक राना द्वितीय, अंशुल तृतीय, कक्षा 5 में सेजल प्रथम, श्रेया भट्ट द्वितीय, दृष्टि तृतीय, कक्षा 6 में पूजा जोशी प्रथम, कमल भंडारी द्वितीय, सिमरन तृतीय, कक्षा 7 में पीयूष पोखरिया प्रथम, विराज भट्ट द्वितीय, प्रतीक कॉलोनी तृतीय, कक्षा 8 में पवनी सिंह प्रथम, अनुज कुमार द्वितीय तथा गौरव बिष्ट तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट, अति उत्तम एवं उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन ज्योति पाल ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति करने और उच्चतम लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य रामयश ने बताया कि विद्यालय सदैव नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रयासरत है और इसमें अभिभावकों के सहयोग की अपेक्षा करता है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की सराहना की।

# पत्रकार के खिलाफ दर्ज मुकदमे में यूकेडी ने की निष्पक्ष जांच की मांग

## यूकेडी ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

- **यूकेडी की चेतावनी: किसी भी पत्रकार के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करेगा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष राम सिंह धामी के नेतृत्व में गैस एजेंसी के मालिकों के दबाव में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने, रिपोर्ट दर्ज कराने वाले के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने, द्वेष भावना से रिपोर्ट दर्ज कराने तथा संपूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर उप जिला अधिकारी खटीमा के माध्यम से उत्तराखंड मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन के मुताबिक विगत दिनों से खटीमा में गैस के संकट से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को व्यापक असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर उपभोक्ताओं में गैस एजेंसी मालि. कों के खिलाफ काफी आक्रोश है। ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया गया है कि पत्रकार दीपक फुलेरा द्वारा जनता के हित में सच्ची खबर दिखाने पर क्षेत्र के कुछ लोगों ने गैस एजेंसी के मालिकों के दबाव में उनके खिलाफ खटीमा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है जो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की आवाज को दबाने की एक साजिश है। उत्तराखंड क्रांति दल ने एक जागरूक पत्रकार के खिलाफ इस तरह की उत्पीड़नात्मक कार्यवाही का विरोध करते हुए मांग किया है कि संपूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष जांच तथा गैस एजेंसी मालिकों के दबाव में आकर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। वहीं उन्होंने चेतावनी दिया कि उत्तराखंड क्रांति दल किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा तथा समुचित कार्यवाही न होने पर पार्टी स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन में शिव शंकर भाटिया, रूम्माना नकवी, महेश सिंह, भरत रावल, विनोद राजपूत, भवानी शंकर आदि के नाम अंकित थे।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापकों की गाजे-बाजे के साथ हुई विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** शैक्षिक सत्र के समापन पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय दिंया की प्रधानाध्यापिका पुष्पा खड़ायत और प्राथमिक विद्यालय मझोला के प्रधानाध्यापक हरीश सिंह कनवाल की अधिवर्षता अवधि पूर्ण होने पर संयुक्त रूप से विदाई दी गई।

इस पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन रमेश चंद्र तिवारी ने किया। पुष्पा खड़ायत के 40 वर्षों की सेवा और हरीश सिंह कनवाल के 33 वर्षों की सेवा के कई संस्मरण और अनुभव प्राप्त किए गए। छात्रों ने अपने प्रधानाध्यापकों को बैंड बाजे के साथ विदा किया। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरिया मझोला के महेन्द्र प्रताप पाण्डेय, भगवान चंद, दिनेश चंद शर्मा, गणेश सिंह, इंदिरा, बलवंत सिंह , जानकी कनवाल,बहादुर सिंह खड़ायत, रो. हित कनवाल, रूपाली, नवल, ललिता खड़ायत, रेखा राना, गायत्री देवी आदि उपस्थित रहे ।

# उपखंड क्षेत्र में विद्युत बकाया वसूली लक्ष्य के करीब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ऊर्जा निगम के उपखंड क्षेत्र की बकाया वसूली लक्ष्य के करीब है। उपखंड क्षेत्र के लगभग 52,000 उपभोक्ताओं में से विभाग द्वारा 32,000 स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं। ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने बताया कि लगभग 26 करोड़ वसूली के लक्ष्य के विपरीत 21 करोड़ 50 लाख की रिकवरी कराई जा चुकी है। सहायक अवरअभियंता पवन कुमार उप्रेती ने बताया कि शत प्रतिशत बकाया वसूली को लेकर उपभोक्ताओं पर निरंतर दबाव बनाया जा रहा है। बकाया वसूली न होने पर लगभग 960 बकायेदारों के कनेक्शन भी विच्छेद किए गए हैं। शत प्रतिशत वसूली के लिए लगातार कैंप व रोड मार्च किया जा रहा है।

# गोशन स्कूल में मेधावियों को अंक पत्र देकर किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नानकमत्ता ।** परीक्षा परिणाम घोषित कर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

मंगलवार को नगर के गोशन स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, इस अवसर पर स्कूल में मेघावी विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर उनको अंक पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश कांडपाल ने विद्यालय में संचालित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम भी घोषित किया। वहीं स्कूल के प्रबंधन डॉ. सुरेश जोशी ने आगामी शैक्षणिक-सत्र की जानकारी देते हुए सभी विद्यार्थियों को अगली कक्षा में पदोन्नति होने की शुभकामनाएं दी। मंच संचालन कशिश भट्ट ने किया। इस उपलक्ष्य में सरोज जोशी, नीरज जोशी, दमनप्रीत कौर, परीक्षा प्रभारी सुनील पुजारी व पंकज जोशी, शिवदत्त जोशी, हेम कांडपाल, विजय नगर, मीनाक्षी कुमारी, चारु जोशी, नीलम कन्याल, पंकज सिंह बिष्ट, दीपक सक्सेना, ममता अग्रवाल, लक्ष्मी जोशी, प्रियंका राणा, नीलम सोरारी, ललित मोहन सिंह, पूजा जोशी, आदि मौजूद रहे।

# काल बनकर दौड़ रहे ओवरलोड डंपर

- **तेज रफ्तार से नगरवा. सियों में दहशत**
- **मूक दर्शक बनी पुलिस और संबंधित अधिकारी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**केलाखेड़ा।** नगर के फिदा नगर मार्ग पर मिट्टी से भरे ओवरलोड डंपरों का तेज रफ्तार में आवागमन स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। ये डंपर शहर के बीचों-बीच बिना किसी रोक-टोक के गुजर रहे हैं और स्पीड ब्रेकर पर भी अपनी गति धीमी नहीं करते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि इसी मार्ग पर दो विद्यालय स्थित हैं, जहां प्रतिदिन लगभग 700 से 800 बच्चों का आना-जाना लगा रहता है। इसके अलावा इस व्यस्त मार्ग पर हजारों छोटे-बड़े वाहनों का भी आवागमन होता है, जिससे स्थिति और अधिक खतरनाक हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन-रात चल रहे इन डंपरों के कारण ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है।

उड़ती हुई मिट्टी घरों में प्रवेश कर रही है, जिससे मोहल्ले के लोगों को सांस संबंधी बीमारियों सहित कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला वासियों ने कई बार संबंधित विभागों और प्रशासन से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विशेष रूप से पुलिस विभाग की निष्क्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर ओवरलोड वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई जाए, गति सीमा सुनिश्चित की जाए और नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए, ताकि आम जनता और स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# अवैध तमंचा व कारतूस सहित एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शस्त्रों के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।

उ.नि. अशोक काण्डपाल मय पुलिस टीम द्वारा ग्राम सैजना-बिचई मार्ग पर संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई, जिसने अपना नाम तीरथ सिंह पुत्र स्व. गुरदीप सिंह, निवासी गिधौर, थाना नानकमत्ता बताया। तलाशी में उसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस टीम में उ.नि. अशोक काण्डपाल, उ.नि. भुवन गहतोडी, का. नवीन रजवार, नवीन चन्द आदि थे।

# मेधावी छात्रों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट।** जू. हा. फोर्ती में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रभारी लक्ष्मण सिंह मेहता ने किया, जबकि अध्यक्षता मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रेनू बगौली की उपस्थित में विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष भुवनेश्वरी पुनेठा ने की। कक्षा 6 के रवि जोशी, 7 की कविता उप्रेती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षाविद डॉ. बी.डी. सुतेड़ी द्वारा उनके माता-पिता की स्मृति में दो-दो हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की। इसके अलावा ग्राम प्रधान ने हिमानी उपाध्याय और पार्श्वी सुतेड़ी को भी सम्मानित किया। वरिष्ठ शिक्षिका इंद्रा आर्या को उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

उधर राउमावि खूनाबोरा में प्रधानाचार्य खीमानंद पांडेय की अध्यक्षता तथा परीक्षा प्रभारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के संचालन में सभी मेधावियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसएमसी अध्यक्ष भावना देवी ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। समारोह में बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर पीटीए अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी की सराहना की।

# एंब्रॉयडरी एप्लिक वर्क एलईडीपी प्रशिक्षण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट के सहयोग से महिला एवं पिछड़ा वर्ग सहकारी समिति द्वारा एलईडीपी के अंतर्गत एंब्रॉयडरी एप्लिक वर्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ खताड़ी रामनगर में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना है।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की लगभग 90 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को एंब्रॉयडरी एप्लिक वर्क की बारीकियों, डिजाइन और उत्पाद तैयार करने का व्यावहा. रिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे भविष्य में अपने हुनर के माध्यम से आय अर्जित कर सकें।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट द्वारा किया गया।उन्होंने कहा कि नाबार्ड द्वारा संचालित ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज में नई पहचान बना रही हैं। वक्ताओं ने महिलाओं को प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सभासद भुवन सिंह डंगवाल द्वारा किया गया। इस दौरान पर्मिला जोशी, प्रेमा अरोड़ा, सदस्य तारा कांडपाल,कंचन बिष्ट,हेमा रावत,अनीता रावत,पुष्पा ध्यानी, हेमा पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# घर में खाना बनाते गैस सिलेण्डर फटा, दो महिलाओं समेत चार झुलसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में खाना बनने के दौरान घर में धधकते सिलेंडर के अचानक फट जाने से परिजनों में अफरातफरी मच गई। इस दौरान घर में आग की चपेट में आकर गृहस्वामी उसकी पत्नी व पुत्र तथा उसी दौरान कमरे में आई पड़ोसी महिला गंभीर रूप से झुलस गये जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां पिता पुत्र की हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी रैफर कर दिया।

मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि ट्रांजिट कैम्प की कृष्णा कालोनी निवासी किरायेदार लोकेश कुमार मूल निवासी ग्राम खमरिया पुर पीलीभीत उप्र की पत्नी 30 वर्षीय गोमती देवी मंगलवार प्रात: करीब 7:30 बजे घर में छोटे सिलेंडर से खाना बना रही थी। बताया जाता है कि उसने गर्म तवा भूलवश गैस पाईप पर रख दिया। जिससे कुछ ही देर में पाइप से गैस का रिसाव होने लगा और देखते ही देखते आग भड़क गई।

घर में आग लगते देख परिजनों में अफरा तफरी मच गई। तब तक आग बढ़ते हुए सिलेंडर तक जा पहुंची और सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। जिससे आग सारे घर में फैल गई और घर की दीवार चटक गई। इतना ही नहीं पड़ोस के घर की दीवारों को भी नुकसान पहुंच गया। इस बीच घर में आग की चपेट में आकर गृह स्वामी लोकेश कुमार सहित उसकी पत्नी गोमती देवी, पुत्र 10 वर्षीय नीरज व पड़ोसी महिला मीरा पत्नी हरस्वरूप गंभीर रूप से झुलस गये। सभी को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया। इसी दौरान मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस व दमकल कर्मी वहां आ पहुंचे और उन्होंने आग पर काबू पाया। चिकित्सकों ने बताया कि लोकेश लगभग 50 प्रतिशत व नीरज लगभग 90 प्रतिशत झुलस गये हैं। उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी रैफर कर दिया गया है। वहीं गोमती देवी व मीरा का प्राथमिक उपचार किया गया।

# गैस एजेंसी में कालाबाजारी और अव्यवस्था पर फूटा लोगों का गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** काशीपुर बाईपास रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर गैस संकट के बीच कुप्रबंधन और कालाबाजारी को लेकर मंगलवार को सैकड़ों उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। न तो एजेंसी प्रबंधन होम डिलीवरी सुचारू कर पा रहा है और न ही बुक किए गए सिलेंडरों की डिलीवरी के मामले सुलझ रहे हैं। स्थिति तब और बिगड़ गई जब युवा समाजसेवी सुशील गाबा के नेतृत्व में उपभोक्ताओं ने एजेंसी परिसर में जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन शुरू कर दिया।



श्री गाबा ने प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि अधिकारियों को घर बैठे सिलेंडर मिल रहे हैं, इसलिए वे आम जनता को एजेंसी के रहमोकरम पर छोड़कर अपने एसी कमरों में बैठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि होम डिलीवरी व्यवस्था की कोई निगरानी नहीं हो रही है और उपभोक्ताओं को फर्जी डिलीवरी केस दिखाकर परेशान किया जा रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पूर्ति कार्यालय को भी सूचना दी गई। हंगामे की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। इसी बीच व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, हैप्पी रंधावा और गौरव गांधी भी समर्थन में उतर आए। विवाद उस समय और गहरा गया जब व्यापार मंडल संरक्षक नरेश ग्रा.वर से होम डिलीवरी कर्मचारी द्वारा एक सिलेंडर के बदले 3500 रुपये मांगे जाने की बात सामने आई। इस खुलासे के बाद उपभोक्ताओं का आक्रोश चरम पर पहुंच गया और मौके पर भारी हंगामा शुरू हो गया। तत्काल होम डिलीवरी ठेकेदार को तलब किया गया।

समाचार लिखे जाने तक उपभोक्ताओं और व्यापार मंडल का विरोध प्रदर्शन जारी था और पुलिस स्थिति को संभालने का प्रयास कर रही थी।

## एक नजर

### सार्वजनिक कुएं और नाले पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर एसडीएम से मिले लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सार्वजनिक कुएं और नाले पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर बाजपुर के ग्राम रामपुराकाजी के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के नाम एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा गांव के कुएं और नाले (गूल) पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।



ग्रामीणों के अनुसार, उक्त कुआं और नाला वर्षों से खेती और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए जल स्रोत के रूप में उपयोग में लाया जा रहा था। लेकिन हाल के समय में कुछ व्यक्तियों ने नाले को काटकर अपने खेतों में मिला लिया, जिससे पानी का प्रवाह बाधित हो गया है। इस अतिक्रमण के चलते जहां एक ओर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को फसलों की सिंचाई के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की कमी के कारण खेती पर भी असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अतिक्रमण हटाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में फिर से सुचारू जल आपूर्ति बहाल हो सके। वहां समुद्र सिंह, गुलशन सिंह, सुक्खा सिंह, प्रताप सिंह, करण सिंह, फौजा सिंह, जगदीश सिंह, कुलवंत सिंह, मलकीत सिंह, भगत सिंह, गुरमीत सिंह, राम सिंह, सोना सिंह आदि मौजूद थे।

### पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता ठुकराल ने अखण्ड महानाम संकीर्तन में लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने ग्राम सुंदरपुर स्थित मंदिर प्रांगण में आयोजित अखण्ड महानाम संकीर्तन में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने संकीर्तन मंडली के साथ बैठकर श्हरे रामा हरे कृष्णाश् महामंत्र का श्रद्धापूर्वक जाप किया। ठुकराल ने इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर क्षेत्रवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।



कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजक समिति द्वारा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को अंग वस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भक्ति और कीर्तन से मन को शांति मिलती है और समाज में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का संचार होता है। उन्होंने कहा कि महानाम संकीर्तन जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को जीवित रखते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से आनंद शर्मा, गगन ग्रोवर, सुदीप ठाकुर, केरू मण्डल, विजय बाछाड़, ठाकुर राय, जितेन्द्र राय, दुलाल मण्डल, महानंद मण्डल, तारक मण्डल, बाबू मण्डल, सुभाष मण्डल, देवु मण्डल, अतुल कृष्ण, प्रदीप मण्डल, भवतोष बाछाड़, परि बाछाड़, दिलीप ढाली, तपन ढाली, तरूण मण्डल, बनमाली मिस्त्री, निमाई ढाली, शुभांकर मण्डल, गौरपद सरकार, राजीव गुप्ता सहित भारी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर निकली भव्य शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस के उपलक्ष्य में बाजपुर जैन मंदिर समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे नगर में श्रद्धा एवं भक्ति का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वक्ताओं ने जैन मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया तथा भगवान महावीर के जीवन और उनके उपदेशों पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का जीवन करुणा, अहिंसा और संयम का अद्भुत उदाहरण है, जो मानवता को आत्मज्ञान के मार्ग पर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि 'महावीर' बनने से पहले 'वीर' बनना आवश्यक है, और अपने अंत:करण के विकारों पर विजय प्राप्त करना ही सच्ची वीरता है। इस पावन अवसर पर सभी से अहंकार त्यागने, सत्य का अनुसरण करने तथा अपने भीतर के 'वीर' को जागृत करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जैन मंदिर में श्रद्धालुओं का सम्मान भी किया गया। शोभायात्रा एवं धार्मिक आयोजन के माध्यम से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक एकता का संदेश प्रसारित हुआ।

# दयानन्द इण्टर कॉलेज में 45 वां वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न

- **सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह से महकी महफिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर ( चम्पावत )।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दयानन्द इण्टर कॉलेज, टनकपुर में 45वां वार्षिकोत्सव समारोह अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय आचार्य रामदेव आर्य का पुण्य स्मरण करते हुए नन्हें-मुन्हें बच्चों द्वारा प्रस्तुत गायत्री मंत्र के साथ किया गया।



समारोह की अध्यक्षता चेयरमैन विपिन कुमार ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शेरसिंह प्रजापति, गंगा गिरी गोस्वामी, मुख्य अतिथि अनिल चौधरी 'पिंकी', डॉ. सिन्धु अग्रवाल, स्वामी संध्या गिरी महाराज ,डॉ. देवी दत्त जोशी, रूप सिंह राजपूत, डा. बबीता वर्मा, विनोद प्रकाश एडवोकेट, आचार्य हेमदेव, हेमा वर्मा, विमला यादव, दीपा देवी, बाबू लाल यादव, गीता प्रजापति, रामवीर प्रजापति, सुमनलता शास्त्री, ऋषिदेव आर्य, सुधा देवी, सामश्रवा आर्य, एकता आर्य, सावित्री देवी एवं नारी सेवा संस्था की समस्त सम्मानित पदाधिकारी व सदस्याएं उपस्थित रहीं।

समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। विशेष रूप से स्काउट के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई देशभक्ति की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के दौरान सामश्रवा आर्य ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को 'नशा मुक्ति' का महत्वपूर्ण संदेश दिया। आगंतुक अतिथियों ने विद्यालय की अनुशासित व्यवस्थाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की। इस वर्ष वार्षिकोत्सव का विशेष आकर्षण विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मान रहा। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले पूर्व विद्यार्थी शिवांगी एवं अंकित भट्ट को मंच पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वर्तमान सत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. मनुश्रवा आर्य ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत करते हुए विगत एक वर्ष की शैक्षणिक व अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की शिक्षिका सुश्री योगिता जी द्वारा किया गया।

इस भव्य आयोजन में विद्यालय के प्रबन्धक डॉ. मनुश्रवा आर्य , प्राथमिक प्रधानाचार्या साक्षी आर्य, कोषाध्यक्ष गायत्री कृपा आर्य सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समस्त विद्यालय परिवार के सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

### प्रधानाचार्य धूम बहादुर सिंह चौहान को भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंहटा, बाजपुर में एक भावुक, गौरवपूर्ण एवं स्मरणीय अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धूम बहादुर सिंह चौहान को उनके दीर्घ, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाकाल के उपरांत सेवानिवृत्ति पर भव्य विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा हर्ष, उल्लास एवं आत्मीयता से ओतप्रोत एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ, जिससे वातावरण आध्यात्मिक एवं गरिमामय बन गया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए चौहान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने उन्हें कर्मठ, अनुशासनप्रिय, दूरदर्शी एवं सहयोगी प्रधानाचार्य बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय ने निरंतर प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कार्यक्रम प्रभारी एवं नवनियुक्त दायित्वधारी डीआर बाराकोटी ने प्रभावी ढंग से किया। इसी अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक दायित्वों का औपचारिक हस्तांतरण भी संपन्न हुआ। अपने विदाई संबोधन में चौहान ने समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय उनके लिए केवल कार्यस्थल नहीं, बल्कि एक परिवार रहा है। विद्यालय परिवार की ओर से श्री चौहान को प्रतीक चिन्ह, सम्मान पत्र, शॉल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# प्रेस की स्वतंत्रता पर उठे सवाल

- **वरिष्ठ पत्रकार दीपक फुलेरा के खिलाफ मुकदमे पर मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग**
- **जनहित की खबर प्रकाशित करने पर मुकदमा दर्ज होने का आरोप**
- **पत्रकारों ने निष्पक्ष जांच और सुरक्षा नीति की उठाई मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** खटीमा क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार दीपक फुलेरा के खिलाफ दर्ज मुकदमे को लेकर पत्रकारों और सामाजिक प्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पूर्णागिरि तहसील में एसडीएम के निजी सहायक (स्टैनो) पवन सिंह मलवाल को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि गैस की किल्लत जैसी जनहित से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित/प्रसारित करने के बाद खटीमा पुलिस द्वारा एक भाजपा नेता की तहरीर पर बिना समुचित जांच के मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इससे पत्रकारों में असंतोष है और इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया जा रहा है। पत्रकारों का कहना है कि यह केवल एक व्यक्ति विशेष का मामला नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस की स्वतंत्रता से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। यदि जनहित के मुद्दों को उजागर करने पर पत्रकारों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जाएंगे, तो इससे निष्पक्ष पत्रकारिता प्रभावित होगी। ज्ञापन देने के दौरान वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र सिंह देवा, बाबूलाल यादव, आबिद सिद्दीकी, दिनेश खर्कवाल, ललित मोहन भट्ट, शुभम गौड़, दीपक धामी, पुष्कर महर, विनय शुक्ला, कुंदन सिंह, राजीव मनराल, मयंक पंत, विनोद जोशी आदि उपस्थित रहे।

# चम्पावत में सीएम धामी के दौरे पर बवाल

- **काले झंडों के साथ सड़कों पर उतरी कांग्रेस**
- **पुलिस ने किया बलपूर्वक गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दौरे के दौरान राजनीतिक माहौल गरमा गया। चुनावी वर्ष में आयोजित जनसभाओं को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता और बेरोजगार युवा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध करने के लिए सड़कों पर उतर आए। पुलिस को चकमा देकर विरोध जताने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों को प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं को बलपूर्वक हिरासत में लिया गया, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष चिराग फर्त्याल काले झंडे के साथ सड़क पर मुख्यमंत्री के काफिले की ओर दौड़ते नजर आए। उनके पीछे-पीछे सुरक्षा कर्मी उन्हें पकड़ने के लिए दौड़ते रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार अपने कार्यकाल के अंतिम चरण में केवल चुनावी लाभ के लिए जनसभाएं कर रही है, जबकि 5 साल में बेरोजगार युवाओं के लिए कोई ठोस काम नहीं किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन पर बेरहमी का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने पर उन्हें दबाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक यह "तानाशाही सरकार" सत्ता से बाहर नहीं हो जाती, तब तक कांग्रेस और बेरोजगार युवा सड़कों पर संघर्ष जारी रखेंगे।

### डिप्लोमा जेई महासंघ के आंदोलन को युवा कांग्रेस ने समर्थन दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** डिप्लोमा जेई महासंघ के आंदोलन को युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने समर्थन दिया है। मंगलवार को युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी के नेतृत्व में पीडब्लूडी धरना स्थल पर नारेबाजी कर विरोध किया गया।



कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि डिप्लोमा इंजीनियर प्रदेश के विकास की रीढ़ हैं, लेकिन बड़े दुर्भाग्य का विषय है कि सरकार उनकी तकनीकी और वित्तीय विसंगतियों को लंबे समय से अनदेखा कर रही है। यदि सरकार ने समय रहते इनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो प्रशासन खुद प्रदेश के विकास कार्यों को ठप करने की जिम्मेदारी लेगा। इस दौरान वासिफ, राज कुमार, प्रमोद कुमार, दीपक तिवारी, अमित कुमार, दीपक रावत, नितिन शाह, ब्लॉक अध्यक्ष मालधन दीपक राणा, पंकज कुमार, प्रमोद कुमार, आसिफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

# हज यात्रा को सुखद बनाने के लिए हज समिति अग्रसर: खतीब मालिक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड राज्य हज समिति द्वारा तथा स्वास्थ्य विभाग जिला उधम सिह नगर के सहयोग के पंडित राम सुमेर शुक्ला राजकीय मेडिकल कालेज में हज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे उत्तराखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब मलिक साहब ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

खतीब अहमद ने कहा उत्तराखंड राज्य है समिति लगातार हज यात्रियों की सुविधा और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के प्रयास में अग्रसर है , जिसके किए उत्तराखंड सरकार विशेष तौर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मार्गदर्शन और सहयोग हमे प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया के इस बार केंद्रीय हज समिति तथा अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार हाजियों के टीकाकरण हेतु राज्य चिकित्सालयों का चयन किया गया था । उत्तराखंड राज्य हज समिति के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने जानकारी दी कि आज टीकाकरण में कुल 142 हाजियों का टीकाकरण तथा मेडिकल निरक्षण सकुशल किया गया। वही काशीपुर जिला चिकित्सालय में आयोजित टीकाकरण में कुल 130 हाजियों के टीकाकरण तथा चिकित्सा निरक्षण किया गया है। उत्तराखंड राज्य हज समिति के सदस्य मुफ्ती मन्नान रजा ने बताया के अब जल्दी ही उत्तराखंड राज्य हज समिति, हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों के लिए कुमाऊं तथा गड़वाल में एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगी ,जिसमे हज यात्रा में पेश आने वाले मसाइल और तरीकों के बारे में हाजियों को जानकारी दी जाएगी। यहां कार्यक्रम कोडिनेटर समिति के सदस्य मुफ्ती मन्नान रजा, जीशान ओवैसी, तरन्नुम खान, हज अधिकारी मोहम्मद अहसान, एडवोकेट सैयद नदीम जैदी, डा. डीपी सिंह अपर मुख्य चिकत्सा अधिकारी, प्रदीप महर, संजय रावत, नन्दलाल, दीपा जोशी, तौफीक अहमद, जुनैद कमर, दीशा शुक्ला, अंकुर धवन, रजनी भट्ट ,संजय रावत, अंजु मिश्रा, श्वेता, सुमन, पूजा पायल, आकाश कुमार, विनोद टम्टा, चंदन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# न्याय के लिए कोतवाली के चक्कर काट रहा विकलांग, पुलिस की धुत्कार

- **पीड़ित प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी लगा चुका हैं न्याय की गुहार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव का एक विकलांग पिछले डेढ़ माह से बिना बताये घर से गयी पत्नी की बरामदगी के लिए एक पाव पर चलकर कोतवाली पुलिस के चक्कर काट रहा है। यहां उसकी मदद करने के वजाये पुलिस उसे फटकाकर भगा रही है। पीडित ने इस वावत प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जनपद उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी पत्र भेजकर न्याय की गुहार है। परंतु किसी के द्वारा भी विकलांग की ना तो मदद की गई ना उसे न्याय दिलाया गया।



बात दें की कोतवाली नानकमत्ता क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रतापपुर नंबर 7 जोगी ठेर नगला निवासी सतनाम सिंह पुत्र स्वर्गीय जसवीर सिंह ने कोतवाली पुलिस को एक पत्र देकर बताया कि बीती 24 फरवरी 2026 को उसकी पत्नी अचानक घर से बिना बताए कहीं चली गई पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने ना तो उसकी पत्नी को खोजने की कोई कार्रवाई की और ना ही उसकी पत्नी की आज दिन तक कोई गुमशुदगी लिखी है। पीड़ित ने बताया कि जब वह न्याय के लिए कोतवाली गया तो पुलिस ने कार्रवाई के बजाय उसे धुत्कार कर वहां से भाग, पीड़ित ने इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जनपद उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को 27 फरवरी 2026 को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है परंतु पीड़ित को अब तक न्याय नहीं मिला है। न्याय के लिए भटक रहे पीड़ित को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोतवाली पुलिस पीड़ितों को न्याय दिलाने में कितनी सक्षम साबित हो रही है।

### अम्बेडकर पार्क को कूड़ा घर बनाए जाने का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** डा. अंबेडकर जयंती समारोह समिति के द्वारा नगर पालिका परिषद रामनगर के अम्बेडकर पार्क जैसी ऐतिहासिक और सम्मानित जगह को कूड़ा घर बनाया जाने का कड़ा विरोध करते हुए उप जिलाधिकारी रामनगर को एक ज्ञापन सौंपा।दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि कूड़ा घर बनने से समाज में आक्रोश का माहौल है।

उन्होंने कहा कि समिति के द्वारा इससे पूर्व भी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद भी अंबेडकर पार्क में लगातार कूड़े की गाड़ी ओर गंदगी की जा रही है।जो कि चिंता की बात है और यह बहुत ज्यादा गलत है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नगर पालिका परिषद रामनगर द्वारा कूड़ा घर नहीं हटाया गया तो समिति द्वारा एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।इस दौरान समिति की अध्यक्ष रेवतीराम खेरिया, एडवोकेट विनोद अंजान, एम आर टम्टा, एस आर टम्टा, प्रकाश शिल्पी, भवानी राम,आनंद टम्टा,ग्राम प्रधान कैलाश चन्द्र,उमा शंकर टम्टा, एडवोकेट रंजीत सिंह, एडवोकेट अजीम मालिक,हरि राम, सगीर उद्दीन,ग्राम प्रधान रमेश चन्द्र आर्य,गिरीश चन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

# देशी शराब की दुकान के आवंटन का विरोध शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम मालधन क्षेत्र में देशी शराब की दुकान के आवंटन का विरोध होने लगा है। लोगों ने एसडीएम से मिलकर एक ज्ञापन जिला अधिकारी को भेजकर दुकान आवंटन की प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की है।मंगलवार को कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश के नेतृत्व में ग्राम मालधन के लोगों ने कहा कि गांव में निर्धन लोग रहते हैं। कच्ची शराब की ब्रिकी विभाग रोक ही नहीं पा रहा है। ऐसे में गांव की महिलाओं का जीना मुश्किल हो गया है। बताया कि युवा वर्ग नशे की चपेट में आ रहा है। उन्होंने शराब की दुकान आवंटन रद्द नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। इस दौरान कांग्रेस मालधन ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश, गिरधारी लाल, भूपाल राम,अपूर्व शाह,सुरेंद्र लाल, शंकर लाल, महेंद्र लाल आर्य,बलदेव प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# एनएसएस विशेष शिविर मधुर समृतियों के साथ संपन्न


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** राजकीय इंटर कॉलेज, देवीधुरा में आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर उत्साह और उपलब्धियों के साथ संपन्न हुआ। दिन की शुरुआत प्रात: कालीन गतिविधियों से हुई, जिसके बाद स्वयंसेवियों ने बाजार क्षेत्र में धूम्रपान के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली।

स्टेशन बाजार, देवीधुरा के तिराहे पर स्वयंसेवियों द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने लोगों को नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश दिया। समापन सत्र में शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष हयात सिंह बिष्ट और विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपाल पंतोला , पूर्व कार्यक्रम अधिकारी, मां वराही देवी संस्कृत महाविद्यालय, देवीधुरा, भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य संजय सोराडी द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी पंकज बिष्ट ने किया। कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र नाथ गोस्वामी ने सातों दिनों की गतिविधियों का विस्तार से वर्णन किया। शिक्षक ठाकुर सिंह बिष्ट ने भी स्वयंसेवियों की मेहनत की सराहना की, जबकि शकुंतला बोहरा और नीलम जोशी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पुरस्कारों की घोषणा में सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी पंकज बिष्ट, सर्वश्रेष्ठ भोजन चंचल सिंह, सर्वश्रेष्ठ अनुशासन में निर्मला और नवल सिंह चम्याल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट भूमिका देवेंद्र विश्वकर्मा और मोहित विश्वकर्मा, स्वच्छता में हिमानी राणा, सर्वश्रेष्ठ संचालनकर्ता नेहा भट्ट, सर्वश्रेष्ठ मनोरंजनकर्ता लोकेश सिंह बिष्ट, शिविर के दौरान सर्वाधिक स्वयं में सुधार करने वाले स्वयंसेवी नरेंद्र सिंह बिष्ट, और श्रेष्ठ नेतृत्व क्षमता मनोज बिष्ट को प्राप्त हुई।

# अतिक्रमण पर सुनवाई आज भी

## तहसीलदार की रिपोर्ट हाई कोर्ट ने मांगी



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य की सड़कों, नालों, वन भूमि, राष्ट्रीय राजमार्गों, नगर पंचायत और नगर निगम की भूमि पर हुए अतिक्रमण के मामले में सुनवाई जारी रखी है। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने अगली सुनवाई बुधवार तक जारी रखने का आदेश दिया। कोर्ट ने पक्षकारों से 19 फरवरी 2026 की तहसीलदार रिपोर्ट की प्रति कोर्ट और अन्य पक्षकारों को उपलब्ध कराने को कहा। यह मामला नैनीताल के पदमपुरी क्षेत्र में वन विभाग की भूमि और सड़क किनारे हुए अतिक्रमण से जुड़ा है, जिसकी शिकायत दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने भेजी थी। कोर्ट ने पहले 17 अक्टूबर 2023 को अतिक्रमण हटाने के लिए प्रदेश के जिलाधिकारियों और डीएफओ को आदेश दिया था, लेकिन अब तक उसका पालन नहीं हुआ। इसके अलावा, गोविंद बल्लभ पंत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन एनवायरमेंट की भूमि पर भी अतिक्रमण की जांच के लिए तहसीलदार द्वारा रिपोर्ट तैयार की गई थी, लेकिन वह रिपोर्ट अभी तक पेश नहीं की गई। कोर्ट ने इस रिपोर्ट को सभी पक्षकारों से साझा करने का निर्देश दिया।

### दो हफ्ते के भीतर दस्तावेजों को करें पेश

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल के सन 2016-17 के बीच रहे तत्कालीन जिलाधिकारी के द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान 18 स्टोन क्रेशरों का अवैध खनन एवं भंडारण पर लगाये गए करीब 50 करोड़ से अधिक का जुर्माना माफ कर देने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने याचिकाकर्ता से कहा है कि आप इस मामले में दो सप्ताह के भीतर इस मामले में जो दस्तावेज आपके पास हैं उन्हें एक अतिरिक्त शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट में पेश करें। बता दें मंगलवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता भुवन चंद्र पोखरिया की तरफ से कहा गया कि पूर्व में सचिव ने सभी जिलों के खनन से जुड़े जुर्माने का रिकार्ड जो शपथपत्र पेश के माध्यम से किया गया था उसमे और जिला खान अधिका. रियों की रिपोर्ट व जिला अधिकारियों की रिपोर्ट में काफी भिन्नता है। उनके द्वारा इस पर आरटीआई मांगी गयी थी। जिसकी प्रति उनके पास है। आरटीआई व सचिव खनन तथा जिला अधिकारी और खनन अधिकारियों के रिकार्ड मेल नहीं खाते हैं। सभी के रिकार्ड का मिलान करने पर अंतर 50 से 80 करोड़ के बीच मे आ रहा है जो कहीं न कहीं गलत है।

# अभी 80 फीसदी फॉर्म ही जमा हुए हैं: शराफत खान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा बनाम रेलवे प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 19 मार्च से प्रधानमंत्री आवास योजना के फार्म वितरण और भरवाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसकी अंतिम तिथि 31 मार्च थी। हालांकि अब इस तिथि को एक दिन बढ़ाकर 1 अप्रैल कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवारों को इसका लाभ मिल सके। 31 मार्च तक कुल 6300 फार्म जमा हो चुके हैं और एक दिन की तिथि वृद्धि से यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। सुप्रीम कोर्ट के मामले के याचिकाकर्ता शराफत खान ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश पर चल रहे सर्वे के तहत लगभग 80 प्रतिशत फार्म भरे और जमा किए जा चुके हैं। शराफत खान ने यह भी कहा कि जिन 20 प्रतिशत परिवारों के फार्म अब तक जमा नहीं हो पाए हैं, वे या तो बीमार, विकलांग हैं, या फिर किसी कारणवश हल्द्वानी से बाहर हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डोर-टू-डोर अभियान चलाकर इन सभी पात्र परिवारों से फार्म जमा करवा लेगा, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे।

**बनभूलपुरा में विधिक प्राधिकरण डोर-टू-डोर चलाए अभियान**

## हाईकोर्ट ने आरोपी गुरविंदर को अग्रिम जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नानकमत्ता के कौंधखेड़ा गांव में एक शादी समारोह के दौरान गोली चलने से घायल युवक के मामले में आरोपी गुरविंदर उर्फ गुरी की अग्रिम जमानत की प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए उसे जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने आरोपी को जांच में सहयोग करने और बिना कोर्ट की अनुमति के देश छोड़कर न जाने का आदेश भी दिया। मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होगी, तब तक राज्य सरकार से जवाब पेश करने को कहा गया है। यह घटना 9 मार्च 2026 को हुई थी, जब विवाह समारोह के दौरान गोली चलने से 30 वर्षीय बूटा सिंह घायल हो गया था। पुलिस की जांच में गुरविंदर का नाम सामने आया था, और उसे अग्रिम जमानत की मंजूरी मिली है।

## एक नजर

### 16 अधिवक्ताओं ने डाले टेंडर वोट

**नैनीताल।** नैनीताल में जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर मंगलवार को टेंडर वोट डाले गए। इस दौरान कुल 16 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश चंदोला ने बताया कि बुधवार (आज) को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं मतदान सुबह 10.30 बजे से शाम को 3 बजे तक होगा जिसके बाद मतगणना की जाएगी और शाम तक चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। बताया कि चुनाव में कुल तीन पदों के लिए 290 अधिवक्ता मतदान करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में हैं जबकि उपाध्यक्ष और सचिव पद के लिए दो-दो प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं वहीं संयुक्त सचिव सहित कार्यकारिणी के चार पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सहायक चुनाव अधिकारी प्रमोद बहुगुणा, शंकर चौहान, मुकेश चंद्र तथा शिवांशु जोशी मौजूद रहे।

### चार हफ्ते में स्थानांतरण का निर्णय लेने का निर्देश

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रेखा रानी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) उत्तरकाशी को निर्देश दिए हैं कि उनके 23 दिसंबर 2025 को दिए गए स्थानांतरण प्रत्यावेदन पर चार सप्ताह के भीतर विधि अनुसार निर्णय लें। याचिकाकर्ता रेखा रानी वर्ष 2021 से लता भटवारी प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उनका पति डुंडा बीडीओ कार्यालय में कनिष्ठ सहायक हैं, इसलिए उन्होंने अपना स्थानांतरण डुंडा ब्लॉक में कराने का आवेदन दिया था। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद याचिका निस्तारित कर दी।

### सिल्ट हटाने पर दो हफ्ते में प्रगति रिपोर्ट पेश करें

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में नदियों में जमा शिल्ट हटाने के मामले पर सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने राज्य सरकार को दो सप्ताह में पूर्व आदेशों के पालन में अब तक की गई कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। समाजसेवी भुवन चंद्र पोखरिया और दिनेश चंदोला द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया था कि नंधौर, गौला, कोसी, गंगा और दाबका नदियों में भूकटाव और बाढ़ के कारण नदियों के मुहाने अवरुद्ध हो गए हैं, जिससे जलभराव और भू-क्षरण की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उच्च न्यायालय ने पहले भी राज्य सरकार को शिल्ट हटाने के आदेश दिए थे, लेकिन उनका पालन नहीं किया गया। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूर्व आदेशों के पालन की प्रगति रिपोर्ट दो सप्ताह में शपथपत्र के साथ पेश करने को कहा और इसे मानसून सत्र से पहले पूरा करने के निर्देश दिए।

### मल्लीताल पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

**नैनीताल।** लंबे समय से फरार वारंटी को मल्लीताल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारंटी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार जयलाल साह बाजार निवासी मोनिष के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज था। इसमें वह लंबे समय से फरार चल रहा था। कोर्ट के वारंट के बाद मंगलवार को पुलिस ने वारंटी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसको जेल भेज दिया गया है।

### लापता किशोरी दूसरे दिन पहुंची घर

**नैनीताल।** मल्लीताल कोतवाली क्षेत्र निवासी एक किशोरी 29 मार्च को घर से खेलने के लिए निकली थी लेकिन उसके बाद से वह वापस नहीं लौटी। बताया जा रहा है कि वह एक अपरिचित लड़की के साथ डीएसए मैदान की ओर गई थी जिससे उसकी मुलाकात दो दिन पूर्व 27 मार्च को नयना देवी क्षेत्र में हुई थी। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों, दोस्तों और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाने की कोशिश की लेकिन किशोरी की कोई जानकारी नहीं मिली। घटना के बाद परिवार ने कोतवाली मल्लीताल में पहुंचकर किशोरी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी।एसआई आशा बिष्ट ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले में शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई थी लेकिन मंगलवार को किशोरी वापस घर पहुंच गई। जिसके बाद परिजन उसको कोतवाली ले आए। बताया कि काउंसलिंग के बाद कशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### गोल्ज्यू धाम में भागवत का भव्य समापन

**नैनीताल।** श्रीमद्भागवत का श्रवण करने से मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं और भक्ति का उदय होता है लेकिन इसके लिए आचरण में शुद्धि, ईश्वर और धर्म पर पूर्ण श्रद्धा विश्वास रखना चाहिए। गोल्ज्यू धाम चोपड़ा में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में समापन प्रवचन करते आचार्य नीरज महादेव ने कहा कि धर्म के मार्ग का अनुसरण करते हुए जीवन के उद्देश्य को पूरा करना और संसार रूपी भवसागर से पार पा लेना जीवन का सफल होना है। उन्होंने पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से बचने का आह्वान किया। आचार्य ने संस्कारों के क्षय, बढ़ते सामाजिक ह्रास को समाज के भविष्य के लिए खतरा बताते कहा कि इसको रोकने के लिए भारतीय परम्पराओं का पालन, सामाजिक मूल्यों की स्थापना जरूरी हो गया है। आज भक्तिपूर्ण वातावरण में मुख्य यजमान ललित मोहन बिष्ट, कमला बिष्ट, पुरोहित कैलाश जोशी, प्रताप जीना, गोपाल सिंह जीना, पुष्कर, हिमांशु, कन्नू बिष्ट, राजू बिष्ट, जीवन बिष्ट, हिमांशु बिष्ट आदि द्वारा पूर्णाहुति हवन ज्ञान पूजन किया गया। प्रसाद वितरण और भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की।

# पंचायत की ज़मीन पर बनाई सड़क

## बिल्डर्स ने दिखाया दुस्साहस, प्रशासन ने दिखाई चुस्ती



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के धारी विकास खंड के उपजिलाधिकारी अंशुल भट्ट की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रशासन एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम मनाघेर वन पंचायत सुंदरखाल में बिल्डर्स द्वारा वन पंचायत की भूमि पर अवैध अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए सख्त कार्यवाही की गई। बता दें ग्राम सुंदरखाल में बिल्डर्स द्वारा अवैध रूप से वन पंचायत की भूमि पर सड़क निर्माण किया जा रहा था। बिल्डर्स द्वारा अतिक्रमण किए जाने पर उपजिलाधिकारी धारी अंशुल भट्ट ने कार्यवाही करते हुए सरक. ारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया एवं वन सरपंच सुंदरखाल को वन पंचायत अधि. नियम के अंतर्गत निलंबित किया गया साथ ही राजस्व उपनिरीक्षक सुंदरखाल को उक्त प्रकरण में कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया एवं तत्काल उक्त घटना में प्रथम सूचना रिपोर्ट करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान मनीषा बिष्ट तहसीलदार धारी, राजस्व निरीक्षक प्रवीण हयांकी, राजस्व निरीक्षक नारायण वर्मा तथा राजस्व उपनिरीक्षक निर्मल बोरा तथा बन दरोगा पूरण मेलकानी उपस्थित रहे।

## नैन्सी कॉन्वेंट में सीबीएसई अधिकारियों ने किया दौरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** ज्योलीकोट स्थित नैन्सी कॉन्वेंट रेजिडेंशियल स्कूल में मंगलवार को एक भव्य एवं प्रेरणादायक शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अजीत दीक्षित (सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर गोरखपुर), राहुल तिवारी



(सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर कुशीनगर), शलील श्रीवास्तव (सीबीएसई ट्रेनर गोरखपुर क्षेत्र) तथा रोहित श्रीवास्तव (सीबीएसई रिसोर्स पर्सन) सहित सभी प्राचार्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए नई शिक्षा प्रणाली, अनुशासन, संस्कार एवं पढ़ाई के बीच संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं बल्कि व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल एवं नैतिक मूल्यों का समावेश भी अत्यंत आवश्यक है। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि विद्यालयों को ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए जहाँ विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा को विकसित कर सकें। विद्यार्थियों ने अतिथियों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया वहीं प्रबंध निदेशक आईपी सिंह ने शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## विभिन्न मांगों को लेकर अभाविष ने कुविवि के कुलपति से की वार्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय में छात्र छात्राओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत को ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी जिला संयोजक धीरज गरकोटी ने कहा कि वर्तमान में विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिनका त्वरित समाधान आवश्यक है। पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को लेकर आपत्ति जताते हुए उन्होंने वर्तमान में जारी विज्ञप्ति को निरस्त करने की मांग की। कहा कि विश्वविद्यालय को स्वयं पारदर्शी प्रवेश परीक्षा आयोजित करनी चाहिए जिससे छात्रों के साथ न्याय हो सके। इसके अलावा प्रयोगात्मक परीक्षाओं के लिए लिए जाने वाले शुल्क की समय सीमा को बढ़ाने की मांग भी की गई है। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले छात्रों को कम समय सीमा के कारण प्रक्रिया पूरी करने में कठिनाई होती है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पांचवें सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए स्पेशल बैक परीक्षा आयोजित करने की भी मांग उठाई गई है। वर्तमान व्यवस्था के कारण छात्रों का एक पूरा वर्ष बर्बाद हो रहा हैए जो उनके भविष्य के लिए नुकसानदायक है। एबीवीपी के छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन छात्र हितों की रक्षा के लिए उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। इस दौरान धीरज बिष्ट, यतिन पांडे, हर्षित पाठक,चेतन बिष्ट,देव चौहान, आर्यन बेलवाल, लव गंगोला, तेजस खुल्वे, विमल रावत, दीपक रावत, भानु प्रताप सिंह, अतुल रावत, वेदांत पांडे, जयवर्धन चंद्रा, शिवेश कुमार, विशाल बिष्ट, पकंज कुमार समेत अन्य छात्र मौजूद रहें।

# निरंतर मेहनत करते रहना चाहिए: बिष्ट

## धूमधाम से मना पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भीमताल का वार्षिकोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड स्थित पीएमश्री राजकीय बालि. का इंटर कालेज भीमताल का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बालिकाओं की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इससे पूर्व समारोह के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख भीमताल डा. हरीश सिंह बिष्ट तथा प्रधानाचार्य ईला कैड़ा ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किए साथ ही छात्राओं ने कुमाऊंनी, गढ़वाली, पंजाबी, हरियाणवी तथा राजस्थानी तथा नेपाली लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक



कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं पर नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने कहा छात्राएं देश का भविष्य हैं। विद्यालय बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा तथा खेल के साथ उनकी रुचि के अनुसार विकसित कर रहे हैं। डा. बिष्ट ने कहा कि बच्चों को निराश नहीं होना चाहिए और दुगनी मेहनत कर आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान बिष्ट ने पूर्व छात्रों वर्षभर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सममानित किया साथ ही कक्षाओ में परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त छात्रों को सममा. नित किया गया। इस मौके पर विद्यालय की छात्रा हिना कोहली ने भीमताल एवं अपने विद्यालय सरस्वती पांडे के नाम की विस्तृत जानकारी दी जबकि प्रधानाचार्य ईला कैड़ा ने विद्यालय के वार्षिक प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान सभासद प्रकाश चंदोला, ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार, एसएमसी अध्यक्ष दिनेश सांगुडी, पीसी नौगाई, बीडीसी मोहित टमटा, यशपाल आर्य, व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी, एडवोकेट सुनीता पांडे, आशा उप्रेती, प्रेमा लो. हनी, नीमा, आशा आर्य, भावना, शरद पांडे, कुंदन जीना, कमल, डा. शबाना, मनोज गुणवन्त तथा अभिभावक संघ अध्यक्ष समेत शिक्षिकाएं एवं छात्राएं मौजूद रही।

# स्कूल चाहिए, शराब की दुकान नहीं



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** महिलाओं ने मंगलवार को शराब की दुकान खोले जाने के विरा. ेध में मंगलवार को तीसरे दिन भी बजून में प्रदर्शन किया था। बता दें मंगलवार की सुबह क्षेत्र की महिलाएं बजून क्षेत्र में एकत्र हुई। वहां पर उन्होंने एक सभा की। महिलाओं ने कहा कि मंगोली में विदेशी शराब की दुकान तथा बजून में देशी शराब की दुकान जिला प्रशासन द्वारा नए वर्ष में खोली जानी है। उन्होंने कहा के यही क्षेत्र में शराब की दुकान खोली गई तो यहां का माहौल बिगड़ जाएगा। यदि यहां दुकानें खोली गई तो महिलाएं आत्मदाह जैसा कदम उठाएंगी। कहा कि उन्हें मधुशाला नहीं पाठशाला चाहिए, शराब नहीं रोजगार चाहिए। इस नारे के साथ महिलाओं ने प्रदर्शन किया। दूसरी ओर महिलाओं को जैसे ही खुरपाताल क्षेत्र में आयुक्त दीपक रावत के आने की सूचना मिली तो वह बजून से खुरपाताल मार्ग पहुंच गई और सड़क पर नारे बाजी करने लगी। जैसे ही आयुक्त वहां पर पहुंचे तो महिलाओं ने उनसे मुलाकात की और एक ज्ञापन उन्हें सौंपा। महिलाओं ने आयुक्त दीपक रावत से कहा कि क्षेत्र में शराब की दुकान खोले जाने से क्षेत्र का माहौल खराब हो जाएगा। यहां पर धार्मिक स्थल एवं विद्यालय हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में शराब की दुकान न खोली जाए। इस मौके पर देवकी बिष्ट, प्रेमा मेहरा, लीला मेहरा, प्रेमा, दीपा, ममता समेत क्षेत्र पंचायत सदस्य सूरज अधिकारी, हंसा नेगी, गोविंद सिंह, कुशाल बिष्ट, आशु कुमार, हिमांशु पांडे तथा नंदन आदि मौजूद थे। दूसरी ओर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में शराब की दुकान का विरोध किया है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष संयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** चैत्र मास की पूर्णिमा का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। यह पर्व केवल स्नान, दान और पूजा-पाठ तक सीमित नहीं बल्कि आत्मचिंतन और मानव सेवा का भी प्रतीक है। इस वर्ष चैत्र पूर्णिमा 1 अप्रैल यानि आज बुधवार को सुबह 7 बजकर 6 मिनट से प्रारंभ होकर 2 अप्रैल की सुबह 7 बजकर 42 मिनट तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार 2 अप्रैल को स्नान, दान और हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जबकि 1 अप्रैल को पूर्णिमा व्रत रखा जाएगा। ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय के अनुसार इस बार हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष और दुर्लभ ग्रह संयोग बन रहा है। मंगल ग्रह कुम्भ राशि से निकलकर मीन राशि में प्रवेश करेंगे, जहां पहले से शनि विराजमान हैं। मंगल और शनि दोनों ही उग्र ग्रह माने जाते हैं, जिनकी युति का प्रभाव वैश्विक स्तर पर देखने को मिल सकता है। हालांकि यह संयोग वृष, मिथुन, सिंह और तुला राशि के जातकों के लिए विशेष रूप से शुभ फलदायी रहेगा और हनुमान जी की कृपा प्राप्त होगी। हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालुओं को प्रात: स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण कर पूजा करनी चाहिए। घर या मंदिर में चौकी पर लाल वस्त्र बिछाकर गंगाजल से शुद्धि कर हनुमान जी की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। इसके बाद धूप और घी का दीपक जलाकर लड्डू, चूरमा, मीठा पान, हरी इलायची और फल का भोग लगाएं। पूजा से पूर्व भगवान राम का स्मरण या जप करना विशेष फलदायी माना गया है। श्रद्धालुओं को कम से कम सात बार हनुमान चालीसा का पाठ कर आरती करनी चाहिए और प्रसाद वितरण करना चाहिए।

## नैनीताल में व्यापार मंडलों के एकीकरण मामले में एक सप्ताह में होगा फैसला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल व्यापार मंडल और मल्लीताल व्यापार मंडल के एकीकरण को लेकर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नैनीताल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने व्यापारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने दोनों व्यापार मंडल के अध्यक्षों को विचार विमर्श के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। बता दें मंगलवार को श्री राम सेवक सभा में आयोजित बैठक में प्रांतीय व्यापार मंडल महासचिव हर्षवर्धन पांडे ने कहा कि एकीकरण से व्यापार मंडल का संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल के एकीकरण भरोसेमंद महासंगठन बनेगा जिसे व्यापार मजबूत होगा। कहा कि तल्लीताल व्यापार मंडल के रेवल सिंह आनंद ने कहा कि तल्लीताल और मल्लीताल के व्यापार मंडल के चुनाव अलग अलग कराए जाए वहीं बाद में महा गठबंधन किया जाए। बैठक में मल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी ने कहा कि वह एक सप्ताह में विचार विमर्श कर एकीकरण के विषय में बताएंगे। प्रांतीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष



विपिन गुप्ता ने कहा कि लोक व्यापार मंडल ही एकीकरण के लिए निर्णय लेगा। उन्होंने तल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुति नंदन साह व मल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी को विचार विमर्श करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। उन्होंने कहा कि दोनों अध्यक्ष लिखित रूप से अपना निर्णय देंगे। इस दौरान तल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुति साह, मल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी समेत त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, ममता जोशी, भारती कैड़ा तथा कनक साह व जयंत उप्रेती आदि मौजूद रहे।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में नए सत्र के आवेदन आमंत्रित

शाह टाइम्स संवाददाता

**काफलीखान (अल्मोड़ा)।** धौलादेवी विकासखंड के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चगेठी में नवीन सत्र 2026-27 हेतु नए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

जो भारत सरकार द्वारा समग्र शिक्षा योजना अंतर्गत विद्यालयी शिक्षा से वंचित व अपवंचित एससी एसटी ओबीसी जनरल बीपीएल की बालि. काओं को माध्यमिक स्तर तक बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से आवासीय बालिका विद्यालय संचालित हैं। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चगेठी के वार्डन ने बताया कि जनपद में कहीं भी कक्षा 1 से 12 तक की कोई बालिका जो शालात्यागी हो या जिसके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है या फिर वो अपवंचित वर्ग से हैं प्रवेश ले सकते हैं।

जबकि प्रवेश हेतु अध्यनरत बालिक. ाओं को विद्यालय में भोजन एवं रहने की व्यवस्था, निशुल्क पाठ पुस्तकें, स्टेशनरी सुविधा, चिकित्सा सुविधा, आवासीय प्रशिक्षण दक्षता संवर्धन, जीवन रक्षक कौशल प्रशिक्षण के अतिरिक्त रुपये 2400 वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। प्रवेश हेतु बालिकाओं को टीसी रिजल्ट, बीपीएल कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर की नकल बालिकाओं को आठ फोटो अभिभावक की फोटो सहित आवश्यक प्रमाण पत्र देने होंगे। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया है कि बालिकाओं को बेहतर शिक्षा अध्यनरत हेतु जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ प्राप्त करने हेतु नए सत्र के प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करें।

# खुर्पाताल झील किनारे निर्माण पर कमिश्नर सख्त

## निरीक्षण में आयुक्त ने जन समस्याओं को सुना, प्राथमिक विद्यालय में ताला लगाने के विवाद का समाधान कराया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** सचिव मुख्यमंत्री/आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत ने मंगलवार को नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के खुर्पाताल क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विगत जनसुनवाई में प्राथमिक विद्यालय खुर्पाताल परिसर के गेट पर ताला लगाने को लेकर आए प्रकरण के संबंध में भी स्थलीय निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों एवं विद्यालय के मध्य हो रहे विवाद का समाधान मौके पर किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कुमाऊं आयुक्त ने प्राथमिक विद्यालय, राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, पंचायत घर खुर्पाताल के साथ ही खुर्पाताल में स्थित प्राधिकरण की भूमि का भी स्थलीय निरीक्षण किया। आयुक्त ने भ्रमण के



दौरान विगत जनसुनवाई में प्राथमिक विद्यालय खुर्पाताल के मुख्य गेट पर प्राथमिक विद्यालय की ओर से ताला लगाने को लेकर आ रही समस्या से कुमाऊं आयुक्त को अवगत कराया गया था जिस पर मंगलवार को कुमाऊं आयुक्त द्वारा स्वयं विद्यालय में पंहुचकर शिक्षा विभाग व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से वार्ता करते हुए समस्या का मौके पर ही निराकरण किया। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि विद्यालय परिसर के गेट पर नया ताला लगाया जाए जिसकी 1-1 चाबियां प्राथमिक विद्यालय, ग्राम पंचायत खुर्पाताल और परिसर के अंतर्गत संचालित उद्यान विभाग कार्यालय के पास रहेगी। आवश्यकतानुसार शासकीय कार्यों के संपादन हेतु सभी परिसर के भीतर मैदान का उपयोग करेंगे।

भ्रमण के दौरान आयुक्त रावत ने खुर्पाताल में स्थित जिला विकास प्राधिकरण की भूमि का भी स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर भूमि में काफी मात्रा में कचरा डाला जा रहा है, इस संबंध में आयुक्त ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक और उप निरीक्षक को दो दिन में कचरा डालने वाले व्यक्तियों का पता लगाकर संबंधित पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए 5-5 हजार का जुर्माना लगाने की निर्देश दिए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान आयुक्त द्वारा खुर्पाताल झील के एकदम किनारे 30 मीटर परिधि में बनाए गए होटल और भवनों के निर्माण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके से ही सचिव जिला विकास प्राधिकरण नैनीताल को क्षेत्र में जिला प्राधिकरण के तैनात सहायक अभियंता अभिषेक एवं अवर अभियंता बबीता का वेतन रोकने और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के साथ ही शीघ्र ही ऐसे होटलों और भवनों के चालान करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में झील से लगी हुई प्राधिकरण की जमीन पर भी होटल व भवनों द्वारा किए गए कब्जे को दो दिन के भीतर हटाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा इस प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने प्राधिकरण के सहायक अभियंता और अवर अभियंता को मौके पर निर्मित भवनों का नक्शा जांच करते हुए चालान की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान कुछ स्थानीय निवा. सियों द्वारा पानी की समस्या आयुक्त के समक्ष रखी गईए जिसके समाधान का आश्वासन आयुक्त द्वारा स्थानीय निवासियों को दिया गया। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से भी मिले। इस मौके पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत देवकी बिष्ट, ग्राम प्रधान हंशी नेगी, क्षेत्रीय जनप्रति. निधि, जिला शिक्षा अधिकारी पीएल टम्टा समेत क्षेत्रीय जनता आदि उपस्थित रहे।

